


दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 2 ■ अंक : 38 | ग्वालियर, रविवार 06 नवम्बर 2022 | पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




### सायबर सेल एडवायजरी जारी कर लगातार करती है, बचने की अपील

# देशभर मे फैला हुआ है, सैक्सटॉर्शन के जरिये ब्लैकमैल करने वाले गिरोहो का जाल

**युवक खुद ही लड़की की आवाज मे मीठी बातें कर फसांते है शिकार को**

**बदनामी के डर से आत्महत्या जैसै कदम उठा लेते है, जाल मे फंसे लोग**

**भोपाल।** देशभर मे सायबर ठगोरो द्वारा फोन लगाकर बिजली बिल जमा करने, सरकारी योजनाओ का लाभ, मोबाइल रिचार्ज, लॉटरी खुलने का झांसा, रकम दोगुना करने सहित अन्य लालच देकर लोगो के एकाउंट से पैसा उड़ाने की वारदाते रोज की जाती है। इन्ही के बीच ऐसे गैंग भी मोजूद है, जो लोगो से मीठी-मीठी बाते कर पहले तो उन्हे अपने जाल मे फसांते है, ओर फिर वीडीयो कॉल कर उनका अशलील वीडीयो रिकार्ड कर उसे वायरल करने की धमकी देकर मोटी रकम ऐंठते है। ऐसे गिरोहो मे कई बार लोगो से उत्तेजक बातें करने के लिये युवतिया भी शामिल होती है, वहीं कई गिरोहो के युवक लड़की बनकर बात कर लोगो का वीडीयो बनाकर उन्हे ब्लैकमेल करते है। ऐसे सेक्सटॉर्शन गैंग मे फंसे कई लोग समाज मे अपनी और परिवार की बदनामी के डर से आत्महत्या जैसै कदम भी उठा रहे है। हालांकि सायबर पुलिस समय-समय पर सायबर ठगो और सेक्सटॉर्शन गैंग से बचने के लिये एडवायजरी जारी कर सोशल मीडीयो यूजर सहित आम लोगो को जागरुक करती रहती है। बीते दिनो मध्यप्रदेश की इंदौर क्राइम ब्रांच ने सेक्सटॉर्शन गैंग के चार आरोपियो को राजस्थान के भरतपुर जिले गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार, यह शातिर गैंग के सदस्य पहले तो फेसबुक, इंस्ट्राग्राम सहित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फर्जी सिम कार्ड के माध्यम से महिला के नाम से फेक आईडी बनाकर लोगों से दोस्ती करने के लिए उन्हें फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजते थे, जैसे ही लोग इनके झांसे में आ जाते यह लोग उन्हें विश्वास में लेकर उनका पर्सनल नंबर भी ले लेते थे। उसके बाद व्हाट्सएप पर वीडियो कॉलिंग शुरू कर देते थे। इस गैंग की ब्लैकमैलिंग से प्रताड़ित ओर बदनामी के डर से इंदौर के एक निजी कॉलेज में काम करने वाले स्टोर मैनेजर ने आत्महत्या कर ली थी। स?टोर मैनेजर की आत?महत?या के कारणो की पड़ताल के दौरान उसके मोबाइल की जॉच मे पता चला की एक नंबर से लगातार वीडियो कॉलिंग से बात हो रही थी यह नंबर सीतापुर की एक महिला के नाम पर था।



सुराग मिलने पर पुलिस टीम सीतापुर पहुंची, वहॉ पता चला की यह सिम एक दिन पहले ही जारी हुई है, जो फर्जीवाड़ा कर ली गई है, यानि इस नाम की महिला ने यह सिम नहीं ली है। आगे की जॉच मे तकनीकी पड़ताल मे टीम को अहम सुराग मिले ओर उसने भरतपुर के कामा से रईस, जीशान, हारुन ओर यासिब को गिरफ्तार कर लिया। गैंग महिला के नाम और फोटो से प्रोफाइल बनाते जिससे लोग इन पर विश्वास कर लेते थे। इसके बाद गैंग के सदस्य बातचीत कर न्यूड वीडियो रिकॉर्डिंग कर अश्लील वीडियो बना लेते। वीडीयो बनाने के बाद उसे सोशल मीडीया ओर संबधित व्यक्ति के सोशल मीडीया से जुड़े सभी परिचितो को भेजने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग करना शुरु कर देते। पकड़ाया गया सैक्सटॉर्शन गैंग बीते दो सालो से लोगो को ब्लैकमैल करने मे लिप्त था, और इस धंधे के लिये बीत छह महीनो मे ही वो एक हजार से अधिक मोबाइल सिमो का इस्तेमाल कर चूके थे।

**सायबर सेल की जारी एडवायजरी मे सोशल मीडीयो यूजर से इल बातों का हमेशा ध्यान रखने की अपील की जाती है-**

ऑनलाईन साईटो पर जॉब के लिये रजिस्ट्रेशन करने से पहले उन साईटो के बारे मे अच्छे से जानकारी प्राप्त करे, अनजान फोन नंबरो से फोन आने पर युवती द्वारा बात आपत्तिजनक बातें की जाये तो उसे तुरंत ही काट दें ओर आगे से उस नंबर को रिसीव न करें।जॉब देने वाली कम्पनी की सत्यता की जानकारी प्राप्त कर ले, ऐसी अनजान प्रोफाइल जो युवती के नाम और फोटो से बनी हो, उसपर चैटिंग या बातचीत न करें।अज्ञात मोबाईल नंबर से नौकरी या फ्रैंडशिप के लिये आने वाले फर्जी कॉलो से सावधान रहे।किसी भी अंजान खातो मे पैसे ऑनलाईन पैसे ट्रांसफर ना करे, यदि कोई युवती बात कर कहे की वो आपकी परिचित है, तो पहले पूरी जॉच कर ले, उसके बाद ही आगे की बातचीत करें।किसी भी कम्पनी के द्वारा दिये गये मेल आई.डी. व नोटिस के बारे मे जांच कर ले।सायबर काईम संबंधित घटना घटित होने की सूचना सायबर क्राइम के हेल्पलाइन नंबरो पर अथवा राष्ट्रीय हेल्पलाईन नंबर 1930 पर दे।

## दिल्ली में एक्यूआई ने पार किया 400 का स्तर, तरन-तारन में इससे से भी खराब स्थिति

**नई दिल्ली।** देश में ठंड बढ़ते ही वायु प्रदूषण की समस्या भी बढ़ने लगती है। कई शहरों में एयर क्वालिटी बदतर होती जा रही है। उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों में यही स्थिति है। इन शहरों में एक्यूआई इतना ज्यादा हो गई है कि सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नोएडा में आज फिर एक्यूआई औसत के लिहाज से हवा की गुणवत्ता काफी खराब है। वहीं पंजाब में पराली के धुएं के चलते राज्य के कई शहरों में एक्यूआई स्तर खतरनाक हो गया है। साल दर साल दिल्ली में प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है। दिल्ली के एक्यूआई 400 के स्तर को पार कर गई है। पंजाब में पराली के धुएं के चलते वहां के कई शहर भी इस समय वायु प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। पंजाब के तरन तारन जिले में स्थित खेम करन देश में आज वायु प्रदूषण (औसत) की सूची में टॉप पर है। तरन तारन में एक्यूआई 421 दर्ज किया गया है। झारखंड के साहेबगंज जिले स्थित राजमहल में आज एक्यूआई की स्थित काफी खराब है। यहां एक्यूआई 409 देखा गया है। देश की राजधानी दिल्ली में हर साल की तरह इस बार भी प्रदूषण से सांस लेना दूभर हो गया है। वायु प्रदूषण के हालात ऐसे हैं कि बच्चों के स्कूल तक बंद हो गए हैं। दिल्ली सरकार के कर्मचारियों को घर से काम करने को कहा गया है। दिल्ली में एक्यूआई 402 आंका गया है। पंजाब के मुक्तसर साहिब जिले में स्थित मलोट में भी वायु प्रदूषण बढ़ता दिख रहा है। यहां का एक्यूआई 358 देखा गया। लोगों को सांस लेने तक में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। बिहार की राजधानी पटना में भी हवा की गुणवत्ता काफी खराब हुई है। यहां एक्यूआई 452 दर्ज किया गया है। पंजाब का अबोहर शहर भी टॉप 10 की सूची में शुमार है। यहां एक्यूआई 344 आंका गया है। राजस्थान के भिवाड़ी में वायु प्रदूषण बढ़ गया है। यहां एक्यूआई 343 दर्ज किया गया है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में भी दिल्ली के प्रदूषण का असर दिख रहा है। यहां एक्यूआई 342 देखा गया। बिहार का पूर्णिया भी टॉप 10 प्रदूषित शहरों में आ गया है। यहां का एक्यूआई आज 341 दर्ज किया गया है।



## ● वन-टू-वन

### बाड़े में मौजूद खूंखार तेंदुए ने वन अमले के छुटए पसीने, बाड़े में छोड़ना हैं चीतों को

**श्योपुर।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आए 8 चीतों को बड़े बाड़े में छोड़े जाने की उल्टी गिनती हुई शुरू हो चुकी है। लेकिन इसी बाड़े में मौजूद एक खूंखार तेंदुआ 3 माह बाद भी नहीं निकल पाया है। यही वजह है कि सर्चिंग में जुटे अमले को पसीना छूट रहा है। कूनो नेशनल पार्क में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हाथों से नामीबिया से लाए गए 8 चीतों को पिंजरा खोलकर चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी, तभी से 8 चीते विशेष छोटे बाड़ों में क्वारंटाइन हैं, उनकी यह अवधि भी खत्म हो चुकी है। इन चीतों को अब 5 वर्ग किलोमीटर के बड़े बाड़े में जल्द छोड़ा जाना है। लेकिन चीतों के लिए बने बड़े बाड़े में अभी भी एक खूंखार तेंदुआ पार्क प्रबंधन की मुसीबत बना हुआ है। बीते महीनों में बाड़े में घुसे कुल 5 तेंदुओं में से 4 को बाड़े से बाहर निकाल लिया गया, लेकिन एक तेंदुआ तमाम तरह के प्रयासों के बाद भी वन अमले और विशेषज्ञों के काबू में नहीं आ पाया है। सतपुड़ा नेशनल पार्क से बुलवाए गए हाथी भी अमले के साथ जुटे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। उधर, प्रोजेक्ट के लिए गठित चीता टास्क फोर्स समिति की बैठक बेनतीजा रही। 17, 21 और 27 अक्टूबर की बैठकों के बाद शनिवार को फिर बैठक आयोजित की गई है, जिसमें चीतों को बड़े बाड़े में छोड़ने का निर्णय लिया जा सकता है, क्योंकि चीतों की क्वारंटाइन अवधि पूरी हो चुकी है। वहीं, नामीबिया से लाए गए 5 मादा और 3 नर चीते कूनो पार्क के माहौल में ढल चुके हैं और पूरी तरह स्वस्थ्य भी हैं।

### दुबई से लाया सोने के चॉकलेट, बेचने निकले पर चढ़ गए पुलिस के हत्थे

**अमेठी।** सात समंदर पार दुबई से भारत में सोने की तस्करी होती है। एयरपोर्ट पर तैनात कस्टम विभाग के अधिकारियों के आंख में धूल झोंककर एक युवक बिना जानकारी लाखों की नगदी और लाखों के सोने के चॉकलेट लेकर अमेठी पहुँच गया। सोने के चॉकलेट होने की शंका पर युवक ने कुछ हिस्से को लखनऊ में किसी कारोबारी के यहाँ बेच दिया। दुबई में बैठे तस्करों द्वारा बताए गए स्थान पर डिलीवरी नहीं होने पर दुबई से तस्कर भी भारत पहुँच गए और युवक को पकड़ लिया। तभी देर रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने एसयूवी कार से सात लोगों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान कार से 11 लाख 32 हजार रुपए नगद और 5.6 किलोग्राम सोने का चॉकलेट बरामद हुआ है। पुलिस ने हिरासत में लिए लोगों के साथ चॉकलेट और नगदी को कस्टम डिपार्टमेंट के अधिकारियों के हवाले कर दिया। दरअसल,मामला जायस थाना क्षेत्र के कस्बे का है, जहाँ का रहने वाला इकरार बीते सितबंर महीने में कमाने के सिलसिले में दुबई गया था। दुबई में इकरार को नौकरी नहीं मिली। नौकरी ढूंढते ढूंढते इकरार के सारे पैसे भी खत्म हो गए और वापसी के लिए टिकट का पैसा भी नहीं बचा।

# सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन है उत्तर कोरिया का मिसाइल प्रक्षेपण



**उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण से क्षेत्र और उसके आसपास की शांति और सुरक्षा हो रही प्रभावित**

**नई दिल्ली।** उत्तर कोरिया ताबड़तोड़ मिसाइलें दाग रहा है और दक्षिण कोरिया समेत पूरी दुनिया के लिए एक नया खतरा पैदा कर रहा है। उत्तर कोरिया की ओर से लगातार किए जा रहे मिसाइल लॉन्च पर भारत ने संयुक्त राष्ट्र में चिंता जाहिर की है और इस मुद्दे को उठाया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा किए जा रहे ये प्रक्षेपण सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन हैं। इससे क्षेत्र और उसके इतर की शांति और सुरक्षा प्रभावित हो रही है। भारत ने उत्तर कोरिया से संबंधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के पूर्ण कार्यान्वयन का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने आगे कहा ?कि हम कोरियाई प्रायद्वीप में शांति और सुरक्षा की दिशा में परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए अपने निरंतर समर्थन को दोहराते हैं, यह हमारा सामूहिक हित है। हम कोरियाई प्रायद्वीप में विवाद को हल करने के लिए बातचीत और कूटनीति का समर्थन करना जारी रखेंगे।

उत्तर कोरिया की ओर से हथियारों के परीक्षण के जवाब में अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने बड़े पैमाने पर हवाई युद्धाभ्यास करने की घोषणा की थी। उत्तर कोरिया ने इसका जवाब देने की चेतावनी दी थी जिसके बाद हाल ही में यह परीक्षण किया गया। जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मिसाइल के बैलिस्टिक होने की आशंका जताई है लेकिन विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। इससे पहले उत्तर कोरिया ने हथियारों के परीक्षण की श्रृंखला के तहत अंतर महाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) और कम दूरी की दो मिसाइल दागी थी। उत्तर कोरिया के आईसीबीएम परीक्षण की वजह से उत्तरी जापान में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए सतर्क किया गया था और ट्रेन का परिचालन रोक दिया गया था।

## इमरान पर हमले के बाद भड़की हिंसा

**- प्रदर्शनकारी इमरान खान के समर्थन में कर रहे हैं नारेबाजी**

**कराची।** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हमले के बाद पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने लाहौर में गवर्नर हाउस के बाहर टायर जलाए। सूत्रों ने कहा कि इस्लामाबाद में गोलियों की आवाज सुनी गई है। प्रदर्शनकारी इमरान खान के समर्थन में नारेबाजी कर रहे हैं। कई लोगों ने सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पर भी निशाना साधा है और उन्हें 'डॉग' जैसे नाम दिए हैं। पीटीआई कराची, इस्लामाबाद, लाहौर, मुल्तान, क्वेटा और पेशावर सहित पूरे पाकिस्तान के सभी प्रमुख शहरों में प्रदर्शन कर रही है। सूत्रों ने कहा कि पार्टी समर्थकों ने रावलपिंडी, पेशावर, लाहौर, मुल्तान, कराची और अन्य शहरों में मुख्य सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने एक दिन पहले कथित हत्या के प्रयास के खिलाफ रावलपिंडी के फैजाबाद इंटरचेंज में विरोध प्रदर्शन किया। रावलपिंडी के अल्लामा इकबाल पार्क के बाहर भी पीटीआई कार्यकर्ता जुटने लगे हैं। पार्टी सांसद अली नवाज और खुर्रम नवाज के भी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहने की बात कही जा रही है। इस्लामाबाद पुलिस इलाके में प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़ रही है, जिन्होंने पुलिस और फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) के जवानों पर पथराव किया। सूत्रों ने कहा कि बलों ने इस्लामाबाद में कई पीटीआई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। बहावलनगर में रफीक शाह में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, जबकि राजनपुर में समर्थक चौक इलाहाबाद, रोझन, फाजिलपुर और जामपुर में धरना दे रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक ठोकर नियाज बेग में एकत्र हुए हैं जहां सीनेटर एजाज चौधरी विरोध का नेतृत्व कर रहे हैं।



# उत्तराखंड और उत्तरप्रदेश ने रिवाज बदला, अब हिमाचलवासी रिवाज बदलने वाले : पीएम मोदी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में विजय संकल्प रैली को शनिवार को संबोधित कर पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं देश में रहूं या विदेश में, हिमाचल के साथ मेरा लगाव बना रहता है। हिमाचल के लोगों का जो स्नेह है, मैं इस ऋण को कभी चुका नहीं सकता। लेकिन हिमाचल का विकास कर, हिमाचल के लोगों का जीवन आसान बनाकर, मैं अपना दायित्व निभाने के लिए हर पल तैयार हूं।

पीएम ने कहा कि सोलन ने मुझे खूब खिलाया भी है और बहुत कुछ सिखाया भी है। इसकारण मैं सोलन का डबल कर्जदार हूं। इसलिए हिमाचल में डबल इंजन की सरकार आपके आशीर्वाद से बनेगी, मुझे पूरा विश्वास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार हिमाचल का चुनाव खास है। इस बार होने वाला एक-एक वोट अगले 25 वर्षों के लिए हिमाचल की विकास यात्रा तय करेगा। मोदी ने कहा, मैं पहले भी कई बार सुंदरनगर का दौरा कर चुका हूं। मैंने सिराज, कुल्लू, किन्नौर, चंबा और कांगड़ा के दुर्गम इलाकों की भी यात्रा की है। यहां की सड़कें, सुंदरनगर की इतनी खूबसूरत बीबीएमबी झील, कोई कैसे भूल सकता है। घोषणा पत्र को लेकर कांग्रेस पर हमला कर पीएम मोदी ने कहा कि, झूठे वादे करना और झूठी चुनावी गारंटी देना कांग्रेस की पुरानी चाल रही है। देश गवाह है कि कैसे कांग्रेस किसानों की कर्जमाफी के नाम पर झूठ बोलती रही है। राज्य को हर कदम पर नया बुनियादी ढांचा देने वाली डबल इंजन वाली सरकार की वकालत कर पीएम मोदी ने कहा कि जब दिल्ली और हिमाचल में भाजपा की सरकार है, तब काम तेज गति से चल रहा है। लेकिन जैसे ही कांग्रेस वापस आती है, सारा विकास ठप हो जाता है। कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रीय राजनीति में हिमाचल प्रदेश की भूमिका को कमतर आंका है क्योंकि उन्हें लगा कि राज्य छोटा है। इसकारण हिमाचल कभी विकास की ऊंचाइयों पर नहीं पहुंचा। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि राज्य में विकास संभव हुआ है, क्योंकि लोगों ने केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा को सत्ता में लाने के लिए वोट दिया था। आज डबल इंजन वाली सरकार से हर घर में गैस सिलेंडर पहुंच गया है। हर जगह बिजली पहुंच गई है, सड़कें भी बन गई हैं, पानी भी पहुंच गया है। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने राम मंदिर बनाने का संकल्प लिया है। आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन रहा है।



## मैनपुरी की सीट पर किसे बनाए चेहरा, इसकी रणनीति में जुटे अखिलेश

**मैनपुरी।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव किसे चुनाव लड़ते हैं, फिलहाल यह तय नहीं है, लेकिन जिन तीन नामों को लेकिन पिछले कई दिनों से चर्चा है, उसमें तेज प्रताप यादव का नाम फिलहाल सबसे आगे है। पिता की सीट पर प्रत्याशी तय करना अखिलेश के लिए आसान नहीं है। सूबे की राजनीति में बीजेपी की कड़ी घेराबंदी का सामना कर रहे अखिलेश यहां बहुत सोचकर दांव लगाएंगे। माना जा रहा है कि तेज प्रताप को मैदान में उतारकर अखिलेश एक साथ सियासत और परिवार दोनों के समीकरण दुरुस्त कर सकते हैं। मैनपुरी सीट पर जिन दो अन्य नेताओं को लेकर चर्चा है उसमें अखिलेश की पत्नी और पूर्व सांसद डिंपल यादव और चाचा शिवपाल सिंह यादव का नाम शामिल है। बताया जा रहा है कि परिवार में एकता बनने के लिए अंदर ही अंदर शिवपाल को मनाने की कोशिशें भी चल रही हैं। इसका असर शिवपाल की बातों में भी दिख रहा है, जो लगातार परिवार में एका की बात करते हुए इस जरूरी बता रहे हैं। पार्टी में एक धड़ा मैनपुरी सीट पर मुलायम की विरासत डिंपल यादव को सौंपे जाने के पक्ष में है लेकिन इस सीट पर तेज प्रताप की दावेदारी को फिलहाल सबसे मजबूत माना जा रहा है। बताया जा रहा है सपा और अखिलेश यादव, तेज प्रताप को मैनपुरी से उतारने का लगभग मन बना चुके हैं।



## न्यूज़ ट्रैक....

### भारतीय प्रशंसकों ने एशिया कप तटस्थ स्थल पर खेलने की मांग की

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों ने पाकिस्तान से एशिया कप की मेजबानी वापस लिये जाने की मांग की है। प्रशंसकों का कहना हे कि जहां पूर्व प्रधानमंत्री तक सुरक्षित नहीं है वहां कैसे खेल का आयोजन हो सकता है। प्रशंसकों का कहना है कि इस टूर्नामेंट को किसी तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जाए। भारतीय टीम ने पहले ही कहा दिया था कि वह एशिया कप के लिए पाक नहीं जाएगी। इसके बाद पाक क्रिकेट बोर्ड ने भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्वकप के बहिष्कार की धमकी दी थी। भारतीय टीम मुम्बई हमले के बाद से ही सुरक्ष कारणों से पाक नहीं गयी है। इसके बाद से ही दोनो देशों ने केवल आईसीसी टूर्नामेंटों में ही खेला है। वहीं पाक बोड का कहना है कि हाल के दिनों में ऑस्ट्रेलिया , इंग्लैंड सहित कई टीमों ने पाक में खेला है। ऐसे में सुरक्षा को लेकर डर दिखाना सही नहीं है। पाक में किसी भी टीम को सुरक्षा संबंधी परेशानी नहीं आयी है। वहीं आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीम पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और क्रिकेट कप्तान रहें इमरान खान पर हमले से बाद भी तीन एकदिवीसय अंतरराष्ट्रीय और इतने ही टी20 मैचों के लिए पाकिस्तान में बनी रहेगी।

### पूर्व ऑस्ट्रेलिया कप्तान विराट के फैन्सी शॉट नहीं खेलने से हैरान

**ब्रिस्बेन ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने कहा है कि भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली फैन्सी शॉट्स केवल इसलिए नहीं खेलते क्योंकि वह इन्हें अपने टेस्ट खेल में शामिल नहीं करना चाहते। चैपल ने कहा कि विराट के इस जवाब से उन्हें हैरानी भी हुई। चैपल ने कहा, ऊहमने कुछ साल पहले विराट के साथ एक साक्षात्कार किया था। इस दौरान जब हमने विराट से पूछा कि आप कुछ फैंसी शॉट्स का इस्तेमाल क्यों नहीं करते? तो उन्होंने कहा- मैं नहीं चाहता कि ऐसे शॉट्स मेरे टेस्ट खेल में शामिल हों। यह विराट के बारे में हैरान करने वाली बात है। वह सभी रन सामान्य क्रिकेटिंग शॉट्स के साथ बनाता है।ऊकोहली ने इस बार विश्वकप में शानदार प्रदर्शन करते हुए अब तक भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक तीन अर्धशतक लगाये हैं। चार मैचों में 220 रन के साथ विराट कोहली विश्व कप के इस संस्करण में अब तक सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। वह इस इस संस्करण के दौरान टूर्नामेंट के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने के लिए श्रीलंका के महान महेला जयवर्धने से भी आगे निकल गए हैं।

### कोहली ने बांग्लादेश के बल्लेबाज लिटन दास को एक बल्ला उपहार में दिया

**नई दिल्ली ।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने एडिलेड ओवल में बांग्लादेश के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप 2022 सुपर 12 मैच के बाद लिटन दास को एक बल्ला उपहार में दिया। बांग्लादेश 185 रनों का पीछा कर रहा था। इस दौरान लिटन ने 21 गेंदों में अर्धशतक बनाया और अपनी टीम को 7 ओवर के अंत में डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार बराबर स्कोर से ऊपर रन बना लिए, लेकिन फिर बारिश ने खेल को रोक दिया। खेल फिर शुरू हुआ। लिटन ने 27 गेंदों पर 60 रन बनाए। इसके बाद केएल राहुल के डायरेक्ट थ्रो ने दास की गिल्लियां उड़ा दीं। मैच के बाद 'प्लेयर ऑफ द मैच' कोहली ने लिटन दास को एक बल्ला उपहार में दिया।

# गांगुली को बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटाने के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

**कोलकाता ।** सौरव गांगुली की जगह हाल ही में भारत की विश्व कप (1983) विजेता टीम के सदस्य रहे रोजर बिन्नी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का नया अध्यक्ष बनाया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को बीसीसीआई के अध्यक्ष पद से हटाने के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। अधिवक्ता रामप्रसाद सरकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर 8 नवंबर मंगलवार को सुनवाई होने की संभावना है।

सरकार का तर्क है कि गांगुली को बीसीसीआई प्रमुख के पद से हटा दिया गया था, जबकि सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश था कि वह उस कुर्सी पर और तीन साल तक बने रह सकते हैं। गांगुली सबसे पहले क्रिकेट प्रशासन में बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव के रूप में आए थे। जगमोहन डालमिया के निधन के बाद वह सितंबर 2015 में वह बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बने। अक्टूबर 2019 में गांगुली ने बीसीसीआई के अध्यक्ष पद की बागडोर संभाली।



उन्होंने कहा सुप्रीम कोर्ट के आदेश ने जय शाह के लिए 2025 तक 3 साल और बीसीसीआई सचिव के रूप में बने रहने का रास्ता साफ कर दिया। हालांकि, शाह के अपनी कुर्सी पर बने रहने के बावजूद गांगुली को हटा दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बंगाल टीम के पूर्व खिलाड़ी होने के नाते गांगुली बंगाल का गौरव हैं। उन्होंने कहा यह राज्य का अपमान है। उनको हटाए जाने के पीछे निश्चित रूप से कुछ राजनीतिक साजिश है। गांगुली के बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद पश्चिम बंगाल में जबरदस्त राजनीतिक बवाल हुआ था।

मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी के अलावा कई नेताओं ने उनके पक्ष में बयान दिया था और उनके निष्कासन को राजनीतिक साजिश और उनके प्रति अन्याय बताया। सीएम ममता बैनर्जी ने कहा था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गांगुली को भारत का प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का अध्यक्ष बनाने के लिए कहेंगी। हालांकि, ऐसा भी नहीं हुआ।

बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद गांगुली ने घोषणा की थी कि वह बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष बनने के लिए चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, अंतिम समय में वह पीछे हट गए। इसके बजाय उस पद के लिए अपने बड़े भाई स्नेहाशीष गांगुली का समर्थन किया, जो बंगाल टीम के पूर्व खिलाड़ी भी थे।

# कोहली को जन्मदिन पर साथी क्रिकेटरों व चाहने वालों ने खास अंदाज में दी बधाई

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के प्रमुख खिलाड़ी विराट कोहली शनिवार को 34 साल के हो गए हैं। कोहली का जन्म पांच नवंबर 1988 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुआ था। कोहली के मां का नाम सरोज कोहली और पिता का नाम प्रेमजी है। कोहली के भाई का नाम विकास जबकि बड़ी बहन का नाम भावना है। भारतीय स्टार बल्लेबाज ने 11 दिसंबर साल 2017 में बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा से विवाह किया।



करीब चार साल बाद वह 2021 में नन्हीं परी के पिता बने। अनुष्का ने 11 जनवरी साल 2021 में एक बेटी को जन्म दिया। दोनों इस प्यारी गुि़या को प्यार से 'वामिका' नाम से पुकारते हैं। कोहली के 34वें जन्मदिन पर लोग उन्हें दिल खोलकर बधाई दे रहे हैं। पाकिस्तानी तेज गेंदबाज शाहनवाज दहानी ने कोहली के साथ अपनी एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है क्रिकेट को सबसे खूबसूरत बनाने वाले कलाकार को शुभकामना देने के लिए बस पांच नवंबर का इंतजार नहीं कर सकता। जन्मदिन की शुभकामनाएं विराट कोहली। विराट कोहली की आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने कोहली को खास अंदाज में बधाई दी है। टीम ने पूर्व अफ्रीकी क्रिकेटर एबी डी विलियर्स का वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह कोहली के बारे में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। फ्रेंचाइजी ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा है, डियर विराट कोहली। यहां एक बेहद खास दोस्त की तरफ से एक बेहद खास विश है।



*ईडन पार्क, ऑकलैंड में आयोजित रग्बी यूनियन - महिला विश्व कप - सेमी फाइनल - कनाडा बनाम इंग्लैंड में इंग्लैंड की जीत के बाद इंग्लैंड के खिलाड़ी मैच के बाद जश्न मनाते हुए।*

### दक्षिण कोरिया में होगा चैंपियनशिप का आयोजन

# एशियाई एयरगन चैंपियनशिप नौ नवंबर से होगी

**नई दिल्ली ।** एशियाई एयरगन चैंपियनशिप का आयोजन दक्षिण कोरिया में नौ से 19 नवंबर तक किया जाएगा। इसमें दिव्यांश सिंह पंवार और इलावेनिल वलारिवान को मेहुली घोष और मेघना सज्जनार के साथ 10 मीटर एयर राइफल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में जगह मिली है। इसी स्पर्धा के व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व अर्जुन बबूता, किरण अंकुश जाधव और रुद्राक्ष बालासाहेब पाटिल करेंगे। इसमें दिव्यांश 10 मीटर एयर राइफल जूनियर पुरुष व्यक्तिगत और टीम वर्ग में उतरेंग। उनके साथ टीम में श्रीकार्तिक साबरी राज और विदित जैन को जगह मिली है। वहीं इस वर्ग की जूनियर महिला व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में रमिता, नैंसी और तिलोतमा सेन हिस्सा लेंगे। एयर पिस्टल 10 मीटर पुरुष वर्ग की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा के लिए शिव नरवाल, नवीन और विजयवीर सिद्धू को टीम में शामिल किया गया है। दूसरी ओर महिला वर्ग में युविका तोमर, रिद्धम सांगवान और पलक को टीम में जगह मिली है। युवा महिला 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व यशस्वी जोशी, कनिष्का डागर और हरनवदीप कौर करेंगे। युवा पुरुष वर्ग में संदीप बिश्नोई, साहिल और अमित शर्मा को टीम में शामिल किया गया है। एयर पिस्टल 10 मीटर जूनियर महिला टीम में मनु भाकर, ईशा सिंह और शिखा नरवाल के होने से भारत की व्यक्तिगत और टीम वर्ग में दावेदारी मजबूत है। वहीं इसी स्पर्धा के पुरुष वर्ग में सम्राट राणा, सागर डांगी और वरूण तोमर चुनौती पेश करेंगै। एयर राइफल 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में अर्जुन और मेहुली तथा किरण और इलावेनिल की जोड़ी चुनौती पेश करेगी। जूनियर मिश्रित टीम में दिव्यांश और रमिता तथा श्रीकार्तिक और नैंसी की जोड़ी उतरेगी। इसके अलावा एयर पिस्टल 10 मीटर मिश्रित टीम में शिव और युविका तथा नवीन और रिद्धम की जोड़ी पदक के लिए दावेदारी पेश करेगी जबकि जूनियर वर्ग में सम्राट और मनु तथा सागर और ईशा की जोड़ी की चुनौती होगी।

### क्रोएशियाई महिला फुटबॉलर एना इंग्लैंड जाएंगी

**लंदन ।** क्रोएशिया की सबसे खूबसूरत महिला फुटबॉलर एना मारिया मार्कोविच ने कहा है कि वह भविष्य में अभ्यास की जरुरतों को देखते हुए स्थायी रुप से इंग्लैंड जाने के लिए तैयार है। एना के इस बयान ने उनके प्रशंसकों में निराशा का माहौल है। इस स्ट्राइकर एना मारिया मार्कोविच के अनुसार वह खेल के लिए इंग्लैंड जाने के लिए काफी हद तक तैयार हैं। एना अभी अपने देश के अलावा स्विट्जरलैंड के क्लब ग्रासहोपर्स की ओर से भी फुटबॉल खेलती हैं। एना ने कहा कि ग्रासहोपर्स जैसे क्लब ने उनकी काफी मदद की है और वह आगे भी कुछ समय तक इसके साथ ही रहना चाहती हैं। ऐसी स्थिति मे अगले 1-2 साल तक इंग्लैंड नहीं जाएंगी। उन्होंने साथ ही एक खुलासा भी किया है कि सोशल मीडिया पर अन्य खिलाड़ियों के मुकाबले उन्हें ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

## व्यापार न्यूज

### अडाणी समूह का चेन्नई में पहला डेटा सेंटर शुरू

**चेन्नई ।** अडाणी समूह ने चेन्नई स्थित अपने विशाल डेटा सेंटर को खोलने की शुक्रवार को घोषणा की। अडाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स के संयुक्त उद्यम अडाणीकॉनेक्स की ओर से चेन्नई में स्थापित डेटा सेंटर 'चेन्नई-1 की औपचारिक रूप से शुरुआत हो गई है। कंपनी ने इसकी जानकारी दी। कंपनी ने कहा, पहले चरण में यह परिसर 17 मेगावॉट (आईटी क्षमता) की पेशकश करेगा, इस पूरी क्षमता का इस्तेमाल कर 33 मेगावॉट तक बढ़ाया जाएगा।'' नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित डेटा सेंटर के द्वारा अडाणी समूह ने तेजी से बढ़ते डेटा सेंटर बाजार में अपनी मौजूदगी बढ़ाने की दिशा में कदम रखा है। अडाणी समूह ने बंदरगाह, हवाई अड्डा, सीमेंट, पेट्रोरसायन और तांबा कारोबार के बाद डेटा सेंटर के क्षेत्र में विस्तार की योजना बनाई है। 'चेन्नई 1 परिसर में तमिलनाडु का पहला पूर्व-प्रमाणित आईजीबीसी प्लैटिनम रेटिंग वाला डेटा सेंटर स्थित है। यह 100 प्रतिशत तक नवीकरणीय ऊर्जा से लैस होगा।कंपनी के बयान के मुताबिक, इस क्षेत्र के सर्वाधिक उन्नत सह-स्थल वाले परिसरों में से एक के तौर पर चेन्नई 1 परिसर सात चरणों वाली सुरक्षा प्रणाली के साथ सूचना प्रौद्योगिकी अवसंरचना को भौतिक सुरक्षा मुहैया कराएगा। अडाणीकॉनेक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जयकुमार जनकराज ने कहा कि भारत में डेटा सृजन एवं उपभोग में जबर्दस्त वृद्धि की संभावना दिख रही है। इससे एक विश्वसनीय एवं टिकाऊ डिजिटल ढांचे की जरूरत बढ़ी है।

### टाइटन का मुनाफा 30 प्रतिशत बढ़कर 835 करोड़

**नई दिल्ली ।** घड़ी बनाने वाली कंपनी टाइटन का मुनाफा सितंबर में समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 30.26 प्रतिशत बढ़कर 835 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। त्योहारी बिक्री की वजह से कंपनी के मुनाफे में बढ़ोतरी हुई है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 641 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने तिमाही के दौरान उसकी कुल आय 22.2 प्रतिशत बढ़कर 9,224 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। एक साल पहले समान तिमाही में कंपनी की कुल आय 7,548 करोड़ रुपए रही थी। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल खर्च 21 प्रतिशत बढ़कर 6,680 करोड़ रुपए से बढ़कर 8,082 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

# दुनिया में सबसे ज्यादा महंगाई तुर्की और अर्जेंटीना में

### - 10वें नंबर पर भारत, मुद्रास्फीति की दर 7.4 प्रतिशत

**नई दिल्ली ।** दुनियाभर में बढ़ती महंगाई से लोग परेशान हैं और वार्षिक मुद्रास्फीति दर असामान्य रूप से उच्च स्तर (85 प्रतिशत तक) पर है। महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए भारत में आरबीआई समेत अन्य देशों के सेंट्रल बैंक ब्याज दरों में लगातार आक्रामक रूप से बढ़ोतरी कर रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने बुधवार को ब्याज दर में 0.75 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। यह ब्याज दरों में हुई इस साल की छठी वृद्धि थी। वहीं बैंक ऑफ इंग्लैंड ने भी ब्याज दर 2.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत कर दिया है, जो 33 वर्षों में सबसे ज्यादा है। वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार दुनिया में सबसे ज्यादा महंगाई तुर्की और अर्जेंटीना में है, यहां वार्षिक मुद्रास्फीति की दर 83 फीसदी से ज्यादा है। तुर्की में मुद्रास्फीति की दर 85.51 प्रतिशत है और यह 24 साल का उच्च स्तर है. उच्च मुद्रास्फीति के बावजूद राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन के कहने पर केंद्रीय बैंक अपनी नीतिगत दरों में कटौती कर रहा है।

बढ़ती महंगाई के मामले में तुर्की के बाद अर्जेंटीना है, जहां मुद्रास्फीति की दर वर्तमान में 83 प्रतिशत है। नीदरलैंड में 14.5 प्रतिशत है; रूस (13.7 प्रतिशत, इटली (11.9 प्रतिशत), जर्मनी (10.4 प्रतिशत), यूके (10.1 प्रतिशत), यूएस (8.2 प्रतिशत) और दक्षिण अफ्रीका (7.5 प्रतिशत) है। वर्तमान में भारत में मुद्रास्फीति की दर 7.4 प्रतिशत है। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में 7.3 प्रतिशत, ब्राजील (7.1 प्रतिशत), कनाडा (6.9 प्रतिशत), फ्रांस (6.2 प्रतिशत), इंडोनेशिया (5.9 प्रतिशत), दक्षिण कोरिया (5.6 प्रतिशत), सऊदी अरब (3.1 प्रतिशत), जापान (3 प्रतिशत) और चीन (2.8 प्रतिशत) है।दुनिया भर में मुद्रास्फीति की उच्च दर वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों को सख्त मौद्रिक नीति चुनने के लिए मजबूर कर रही है और ब्याज दरें बढ़ने से अर्थव्यवस्था को पर असर पड़ रहा है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा है कि सेंट्रल बैंक महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए आक्रामक तरीके से इंटरेस्ट रेट बढ़ाते हैं, तो ऐसे में सभी देशों की आर्थिक गतिविधियों में तेज गिरावट से बचना मुश्किल होगा।

### सैमसंग ने 14,400 करोड़ के मोबाइल फोन बेचे

**नई दिल्ली ।** सैमसंग इंडिया ने सितंबर-अक्टूबर में 14,400 करोड़ रुपए के मोबाइल फोन बेचे। वर्ष 2022 की पहली तीन तिमाहियों में कंपनी के स्मार्टफोन की बिक्री में 99 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई। सैमसंग इंडिया के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सालाना आधार पर कंपनी के 5जी स्मार्टफोन की बिक्री जनवरी-सितंबर, 2022 में 178 प्रतिशत बढ़ी। उन्होंने बताया कि इस साल त्योहारी सत्र सैमसंग के लिए शानदार रहा। एक सितंबर से 60 दिनों में हमने 14,400 करोड़ रुपए की आय हासिल की।

# वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ीं

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल देखने को मिला है। शनिवार को ब्रेंट क्रूड 3.90 डॉलर (4.12 फीसदी) महंगा होकर 98.57 डॉलर प्रति बैरल और डब?ल?यूटीआई 4.44 डॉलर (5.04 फीसदी) बढ़कर 85.05 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। कुछ राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव देखा जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पेट्रोल 0.50 रुपए महंगा होकर 10.3.58 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया है। डीजल 0.49 रुपए की तेजी के साथ 96.55 रुपए प्रति लीटर है। हिमाचल प्रदेश में डीजल 0.59 रुपए बढ़कर 95.65 रुपए और डीजल 0.50 रुपए की तेजी के साथ 81.91 रुपए प्रति लीटर पर मिल रहा है। पंजाब में पेट्रोल-डीजल सस्ता हुआ है। यहां पेट्रोल 0.49 रुपए गिरकर 96.40 पैसे प्रति लीटर और डीजल 0.48 रुपए सस्ता होकर 86.76 रुपए प्रति लीटर है। राजस्थान, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में भी कीमतों में मामूली गिरावट है। देश के 4 महानगरों में पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए और डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 97 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में 96.58 रुपए और डीजल 89.75 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.44 रुपए और डीजल 89.64 रुपए प्रति लीटर हो गया है।

# हर दिन ट्विटर को हो रहा 32 करोड़ का नुकसान, छंटनी के अलावा कोई विकल्प नहीं: मस्क

### मस्क ने भारत में पूरी मार्केटिंग और कम्युनिकेशन टीम को किया बर्खास्त

**नई दिल्ली ।** ट्विटर में छंटनी को लेकर कंपनी के प्रमुख एलन मस्क ने कहा है कि उनके पास और कोई विकल्प नहीं था। मस्क ने ट्विटर का श्रम बल घटाने को लेकर शनिवार को ट्वीट किया, जब कंपनी हर दिन 40 लाख डॉलर (32 करोड़ रुपए से अधिक) का घाटा झेल रही हो तब दुर्भाग्यवश और कोई विकल्प नहीं रह जाता है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को भी कंपनी छोड़ने के लिए कहा गया है उन्हें 3 महीने का वेतन दिया गया है जो कानूनी अनिवार्यता से 50 फीसदी अधिक है। खबरों के अनुसार मस्क ने भारत में पूरी मार्केटिंग और कम्युनिकेशन टीम को बर्खास्त कर दिया है जबकि इंजीनियरिंग, सेल्स और पार्टरनशिप टीम भी प्रभावित हुई है। ट्विटर इंडिया की 50 फीसदी से अधिक टीम को बाहर कर दिया गया है। छंटनियों को लेकर ट्विटर इंडिया की ओर से कोई आधिकारिक बयान फिलहाल नहीं आया है। मस्क ने हाल ही में वैरिफाइड अकाउंट, ब्लू टिक के लिए हर महीने 8 डॉलर (करीब 660 रुपए) का शुल्क लगाने की घोषणा की है। मस्क ने इसके तर्क दिया है कंपनी का रेवेन्यू बढ़ाने और फर्जी वैरिफाइड अकाउंट्स से माइक्रोब्लॉगिंग साइट को बचाने के लिए यह कदम जरूरी है। हालांकि मस्क पहले इसे 20 डॉलर प्रतिमाह करने वाले थे लेकिन भारी आलोचना के बीच उन्होंने इसे 8 डॉलर करने का फैसला लिया। उन्होंने इस पर मिल रही आलोचनाओं को लेकर कहा था कि कुछ अमीरों को इस बात से दुख नहीं है कि उन्हें 8 डॉलर चुकाने होंगे उन्हें इस बात से दुख है कि कोई भी 8 डॉलर चुका सकता है। मस्क ने ट्विटर का नियंत्रण अपने हाथ में लेते ही सबसे पहले कंपनी के सीईओ पराग अग्रवाल और सीएफओ नेड सेगल को बाहर का रास्ता दिखा दिया था। इसके बाद उन्होंने पूरा निदेशक मंडल की बर्खास्त कर दिया। अब वह कंपनी के इकलौते डायरेक्टर हैं जिसे उन्होंने अस्थाई बदलाव कहा है। मस्क के इस फैसले के बाद कयास लगने शुरू हो गए थे कि ट्विटर में बड़े स्तर पर छंटनियों का दौर शुरू होने वाला है। खबरों के अनुसार भारत में ट्विटर अपनी मौजूदा वर्क फोर्स में से 75 फीसदी लोगों को बाहर का रास्ता दिखा सकता है।

# हीरो इलेक्ट्रिक 2026 तक 40 लाख अतिरिक्त दोपहिया वाहन बनाएगी

### निवेश का पहला चरण राजस्थान में एक नए कारखाने के लिए होगा

**नई दिल्ली ।** हीरो इलेक्ट्रिक 2,500 करोड़ रुपए का निवेश कर 2026 तक 40 लाख अतिरिक्त दोपहिया वाहनों बनाने के लक्ष्य को लेकर चल रही है। निवेश का पहला चरण राजस्थान में एक नए कारखाने के लिए होगा, जहां विक्रेता इकाइयां एक और 400 करोड़ का निवेश करेंगी। दूसरे चरण के तहत दक्षिण भारत में निवेश किया जाएगा, जिसके लिए एक संयंत्र के स्थान की तलाश की जा रही है। दोनों कारखाने एक समान आकार और बराबर निवेश के होंगे। फर्म के पास 500,000 वाहनों के निर्माण की क्षमता है। कंपनी 45 लाख इकाई प्रति वर्ष बना रही है, जो ओला इलेक्ट्रिक की उत्पादन क्षमता से आधी है। ओला एक करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन बनाने की क्षमता वाली एक फैक्ट्री का निर्माण कर रही है। हीरो की योजना 1,000 करोड़ रुपए से अधिक जुटाकर कंपनी का विस्तार करना है और वह निजी इक्विटी (पीई) फंडों के साथ बातचीत कर रही है। यह दूसरी बार है जब कंपनी पीई फंड वाली कंपनियों से पैसा जुटाने का सहारा ले रही है।




अपनी महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रिक स्कूटर विस्तार योजना के बारे में बताते हुए देश की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटर कंपनी के प्रबंध निदेशक नवीन मुंजाल ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उद्योग 2023-24 (वित्त वर्ष 24 ) तक 10 लाख इकाई ई-वाहन बनाने के लक्ष्य तक पहुंच जाएगा। कंपनी के रिसर्च के अनुसार, कंपनी 2026-27 तक 90 लाख इकाई के उत्पादन तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी 2026 तक लगभग 40 लाख इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों का उत्पादन करना चाहती है। इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार तेज हो रहा है और आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) से इलेक्ट्रिक की ओर बदलाव स्पष्ट रूप से इसके तेजी से आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। यह बदलाव इस बात की ओर इशारा करता है कि कंपनी क्यों बिक्री को तीन गुना से अधिक बढ़ाने का लक्ष्य बना रही है। कंपनी 2022-23 में अनुमानित 160,000 इकाई से वित्त वर्ष 24 में 500,000 इकाई तक उत्पादन क्षमता बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि वह जो निवेश करने की योजना बना रहे है, उसमें वर्तमान में किए जा रहे अनुसंधान और विकास खर्च में भारी बढ़ोतरी शामिल नहीं है।

# आहार विशेषज्ञ की मांग बढ़ी



आधुनिक युग में डायबिटीज से लेकर मोटापा तक कई बीमारियां बढ़ी हैं जिनका संबंध खानपान से है। उसे देखते हुए लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति काफी जागरूक हो गए हैं। स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए लोग सिर्फ शारीरिक गतिविधियों का ही सहारा नहीं लेते बल्कि वे अपने खान-पान को लेकर भी काफी सजग रहते हैं। उनके खान-पान का ध्यान रखने का काम करते हैं न्यूट्रिशनिस्ट यानी आहार विशेषज्ञ। लोगों की बढ़ती सजगता के साथ-साथ न्यूट्रिशनिस्ट की मांग भी दिनों-दिन बढ़ती जा रही है।

### क्या होता है काम

एक न्यूट्रिशनिस्ट का मुख्य काम विभिन्न उम्र के लोगों के लिए डाइट प्लानिंग का काम करना है। वह उनका फूड प्लान करते समय अमुक व्यक्ति की उम्र के साथ-साथ उसकी जरूरत व बीमारियों आदि का भी ध्यान रखते हैं। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी व्यक्ति को पतला होना है तो उसे ऐसी डाइट दी जाती है, जिसमें फैट का कंजप्शन न के बराबर हो। न्यूट्रिशनिस्ट की यही काम होता है कि वह अपने क्लाइंट के लिए ऐसा फूड प्लॉन करें जो संतुलित हो तथा उसके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक हो। इन सबके अतिरिक्त अगर उनके क्लाइंट को किसी प्रकार की फूड एलर्जी है तो उन्हें इस बात का भी ख्याल रखना होता है।

### दक्षता विकास

एक न्यूट्रिशनिस्ट का काम मुख्य रूप से भोजन से जुड़ा है, इसलिए उसे हर प्रकार की भोजन सामग्री की खूबियों व कमियों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। साथ ही उसे फूड कॉम्बिनेशन की भी जानकारी होनी चाहिए। बेहतर संचार दक्षता व धैर्य उनके काम में काफी सहायक होते हैं। अपने इन्हीं गुणों के कारण वह ग्राहक को न केवल संतुष्ट करते हैं बल्कि उन्हें हर प्रकार के भोजन के फायदों के बारे में भी बताते हैं। एक न्यूट्रिशनिस्ट का खुद भी फिट होना बेहद आवश्यक है। उन्हें टीम के साथ काम करना भी आना चाहिए।

### शैक्षणिक योग्यता

डायटेटिक्स एंड न्यूट्रीशन के कोर्स ग्रेजुएशन और पास्ट ग्रेजुएशन, दोनों ही स्तरों पर उपलब्ध हैं। साथ ही इस क्षेत्र में भविष्य देख रहे छात्रों का मेडिकल बैकग्राउंड होना अनिवार्य नहीं है। अगर आपका बैकग्राउंड होमसाइंस या फूड टेक्नोलॉजी से संबंधित है तो भी आप इस क्षेत्र में अपना कॅरियर बना सकते हैं। एक न्यूट्रिशनिस्ट बनने के लिए फूड साइंस का चार वर्षीय कोर्स उपलब्ध है, लेकिन इसके लिए आपका बारहवीं में साइंस होना अनिवार्य है। अगर आप साइंस संबंधित नहीं हैं तो आप एक वर्षीय डिप्लोमा इन डाइट्रेटिक्स एंड पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन कोर्स में दाखिला ले सकते हैं।

### रोजगार संभावनाएं

एक न्यूट्रिशनिस्ट के लिए प्राइवेट व सरकारी दोनों ही सेक्टर में जॉब की संभावनाएं हैं। आप अस्पतालों, होटलों, हेल्थ क्लब, योगा सेंटर, स्कूल, फूड मैन्युफैक्करिंग यूनिट, आदि जगहों में जॉब की तलाश कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त थोड़े अनुभव के पश्चात् आप स्वयं का हेल्थ सेंटर खोलकर प्रैक्टिस कर सकते हैं।

### आमदनी का जरिया

एक न्यूट्रिशनिस्ट यदि किसी बेहतर अस्पताल में नौकरी करता है या करती है तो उनका शुरूआती वेतन 10हजार से 20हजार रूपए प्रतिमाह हो सकती है। वहीं, कुछ अनुभव के पश्चात् आपके वेतन में इजाफा होता है।

## फिटनेस ट्रेनर बनें



अगर आप उर्जावान युवा हैं तो फिटनेस ट्रेनिंग का क्षेत्र आपका इंतजार कर रहा है। सेहत के प्रति बढ़ती जागरुकता के कारण आजकल फिटनेस ट्रेनर की माँग जिम, बड़े होटल, हेल्थ क्लब, फिटनेस सेंटर, स्पा, टूरिस्ट रिसोर्ट आदि जगहों पर है। कुछ अनुभव लेकर आप स्वयं का फिटनेस सेंटर भी शुरू कर सकते हैं। यहाँ तक कि बड़ी-बड़ी मल्टीनेशनल कंपनियाँ भी अपने कर्मचारियों के लिए समय-समय पर फिटनेस कार्यक्रम का आयोजन करती हैं, जहाँ फिटनेस ट्रेनर की जबर्दस्त माँग होती है। फिटनेस इंडस्ट्री आज अपनी चरम पर है। आज भारत में फिटनेस उद्योग 2,000 करोड़ रुपए से भी अधिक पर हिस्सा रखता है। हाई टेक जिम और हेल्थ क्लब ने इसको युवाओं के बीच और अधिक प्रचलित बनाया है। कोर्स के बाद आप इसमें से किसी भी करियर का चुनाव कर सकते हैं। एथलीट ट्रेनर, डाइटिशियन, स्पोर्ट्स कोच, फिजिकल थेरेपिस्ट, कार्य का दायरा। एक फिटनेस ट्रेनर के तौर पर आपको शारीरिक फिटनेस के साथ-साथ एरोबिक्स, फैलेक्सीबिल्टी ट्रेनिंग, बीएमआई, पोषण तथा ट्रेनिंग से जुड़े समस्त उपकरणों आदि का ज्ञान होना अनिवार्य है। इससे लोगों को सही सलाह देने में आसानी होती है। यदि आपको ये समस्त जानकारी है तो आप उनके शरीर के ढांचे और वजन को देखते हुए उनके लिए एक अच्छी डाइट निर्धारित कर सकते हैं और फिट रहने के लिए उपकरणों के सही प्रयोग के बारे में ज्ञान दे सकते हैं। एक फिटनेस ट्रेनर को मूलतः फिटनेस, न्यूट्रिशियन, वेट मैनेजमेंट, स्ट्रैस रिडियूशन, हेल्थ रिस्क मैनेजमेंट आदि जैसे विषयों पर ध्यान देना होता है। एरोबिक्स इंस्ट्रक्टर के तौर पर आप वर्कआउट सत्र में एरोबिक्स, स्टेचिंग तथा मसल्स एक्सरसाइस पर ध्यान देते हैं। खेल जगत में एथलीट का स्टेमिना बढ़ाने के लिए आप जॉगिंग, वेट लिफ्टिंग, पुशअप जैसे विशेष व्यायामों पर जोर देते हैं। यदि आप योग व नैचुरोपैथी एक्सपर्ट हैं तो व्यायाम से रोग-मुक्त रहने के गुर भी सीखाते हैं। फिटनेस ट्रेनर के रूप में आपको अच्छी बातचीत और व्यावहारिक कला भी आनी चाहिए क्योंकि आप कई प्रकार के लोगों के संपर्क में आते हैं हालाँकि कोर्स के तुरंत बाद अनुभव मिलने के साथ ही आप हाइट एंड फिटनेस सेंटर, स्पा और रिसोर्ट से जुड़कर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

# इतिहास के छात्रों के पास इस क्षेत्रों में हैं अवसर



**अगर आपने इतिहास से उच्चशिक्षा हासिल की है तो भी आप बेहतर कैरियर बना सकते हैं। यह सही है कि इतिहास से स्नातक करने वाले छात्रों के लिए रोजगार के अवसर अपेक्षाकृत कम हैं, परन्तु फिर भी निम्नलिखित करियर विकल्प में से आप किसी एक को अपनी क्षमता के अनुसार चुन सकते हैं। सबसे पहले प्रतियोगी परीक्षा जैसे स्टेट सिविल सेवा, बैंक प्रोबेशनरी ऑफिसर, रेलवे, कंबाइंड डिफेंस सर्विस के रास्ते इतिहास ग्रेजुएट्स के लिए खुले हैं।**

आप हर उस गैर तकनीकी सेवा में जाने की योजना बना सकते हैं, जिसमें प्रवेश के लिए स्नातक की डिग्री आवश्यक है। इस प्रकार की रिक्तियों की जानकारी के लिए नियमित रूप से रोजगार समाचार देखते रहें। अन्य विकल्प के तौर पर देश के विभिन्न संग्रहालय ऐसे पोस्ट-ग्रेजुएट्स को खोजते हैं, जिन्होंने इतिहास या संग्रहालय विज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। ऐसे छात्रों को संग्रहालयों और आर्ट गैलरी में रिकॉर्ड इन्फॉर्मेशन ऑफिसर, म्यूजियम क्यूरेटर, रिकॉर्ड मैनेजर, आर्किविस्ट जैसे पदों पर नियुक्त किया जाता है। इस प्रकार की रिक्तियों की जानकारी के लिए नियमित रूप से देश भर के विभिन्न संग्रहालयों की वेबसाइट देखते रहें।

इसके अलावा ट्रेवल एंड टूरिज्म का क्षेत्र करियर के लिहाज से हिस्ट्री ग्रेजुएट्स के लिए अधिक कारगर है, क्योंकि ऐसे छात्रों को देश के विभिन्न ऐतिहासिक स्थानों की गहन जानकारी होती है और वे उन जगहों के बारे में अपेक्षाकृत अधिक विस्तार से पर्यटकों को बता सकते हैं। भारतीय इतिहास की अच्छी नॉलेज रखने वाले छात्र को जहां एक ओर ट्रैवल एंड टूरिज्म कंपनियों में ट्रिप एडवाइजर की जॉब आसानी से मिल जाती है, वहीं दूसरी ओर स्वरोजगार में रुचि रखने वाले हिस्ट्री ग्रेजुएट्स अपनी स्वयं की भी टूर एंड ट्रैवल एजेंसी स्थापित कर सकते हैं। इनके अतिरिक्त टीचिंग, लॉ, एमबीए, पब्लिक रिलेशन, इवेंट मैनेजमेंट और पत्रकारिता - ये कुछ अन्य ऐसे सामान्य करियर ऑप्शन्स हैं, जो हिस्ट्री ग्रेजुएट्स के लिए खुले हुए हैं।



# एनिमेशन में बना सकते हैं करियर


एनीमेशन के क्षेत्र में आपार संभावनाएं हैं। एनिमेशन का प्रयोग ना केवल छोटे-मोटे एडवरटाइजमेंट और ग्राफ़िक्स इत्यादि में किया जाता है, बल्कि पूरी की पूरी फिल्में और सीरियल्स भी इसी पर बनने लगे हैं। कार्टून सीरियल आदि भी एनिमेशन के जरिये ही काम करते हैं। एनिमेशन कोर्स दसवीं पाक भी कर सकते हैं। बस आपमें क्रिएटिविटी (रचनात्मकता) और नये विचारों के साथ ही लगातार बेहतर करने का जुनून होना चाहिये। एनीमेशन में कॅरियर बनाने के इच्छुक लोग ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट व डिप्लोमा कोर्स अवश्य कर सकते हैं। अधिकांश कॉलेजों में बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बीएफए) में एक विषय के तौर पर भी एनिमेशन पढ़ाया जाता है। कई बड़े संस्थानों में डिप्लोमा या एडवांस डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स के तहत मार्केट की मांग के मुताबिक एनिमेशन की प्रोफेशनल ट्रेनिंग दी जाती है, जहां इंडस्ट्री के प्रोजेक्ट पर भी काम करने का मौका मिलता है। ऐसे कोर्सों का समय एक से दो वर्ष का होता है। इसके दौरान ड्राइंग, ग्राफिक्स, प्रोडक्शन, प्रोग्रामिंग, लाइटिंग इत्यादि के साथ-साथ एनिमेशन एवं डिजिटल आर्ट्स की डिटेल में जानकारी प्रदान की जाती है।

मुख्य रूप से 2-डी और 3-डी एनिमेशन का आज के समय में काफी चलन है। हालांकि मोशन ग्राफ़िक्स एवं स्टॉप एनीमेशन भी कई जगहों पर प्रयोग में लाया जाता है।

एनिमेशन के क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए आपका क्रिएटिव होना ज्यादा आवश्यक होता है। अगर आप अपने विचारों को, अपनी इमैजिनेशन को नया रूप दे सकते हैं, उसे नये तरीके से सोच सकते हैं, तो इस बात में कोई संदेह नहीं है कि एनिमेशन क्षेत्र में आप एक बेहतर कैरियर बना सकते हैं। क्रिएटिविटी के साथ-साथ एनिमेशन के लिए तमाम तकनीकी जानकारी की आवश्यकता भी होती है। जैसे स्क्रिप्टिंग, स्कल्पटिंग, लाइफ ड्राइंग, मॉडल एनिमेशन आदि। ध्यान रहे कि एक पेशेवर एनिमेटर बनने के लिए कठिन परिश्रम , के साथ विजुअलाइज़िंग एबिलिटी, इमैजिनेशन, क्रिएटीविटी, लॉजिकल अंडरस्टैंडिंग और डेडलाइन के तहत कार्य करने की आदत भी होनी चाहिए।आप घर पर भी सॉफ्टवेयर की सहायता से एनिमेशन सीख सकते हैं। आज के इंटरनेट के दौर में आप यूट्यूब से भी एनीमेशन के कई सॉफ्टवेयर और उसे ऑपरेट करने के लिए फॉर्मल ट्रेनिंग प्राप्त कर सकते हैं।

रोजगार की बात करें तो इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। तमाम विज्ञापन एजेंसीज में एनीमेशंस का प्रयोग बेहतर ढंग से होने लगा है, तो वेब डिजाइनिंग के क्षेत्र में भी इसका प्रयोग बड़े स्तर पर हो रहा है। साथ ही टीवी सीरियल, ओटीटी और फिल्म निर्माण के क्षेत्र में तो इसका प्रयोग है ही।

# वॉयस-ओवर कलाकार बने



अगर आपकी आवाज़ मधुर और प्रभावशाली तो आज वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट बन सकते हैं। वॉयस-ओवर कलाकार एनिमेटेड फिल्मों, वृत्तचित्रों और टेलीविजन शो के लिए आवाज़ प्रदान करते हैं और टेलीविजन और रेडियो विज्ञापनों में वॉयस-ओवर करते हैं। वॉयस-ओवर कलाकार एनिमेटेड पात्रों के लिए आवाजें प्रदान करते हैं, जिनमें फीचर फिल्में, टेलीविजन कार्यक्रम, एनिमेटेड लघु फिल्में और वीडियो गेम शामिल हैं। ये ऐसे लोग हैं जो अपने दैनिक जीवन में एक बदलाव लाने के लिए अपनी मेहनत और प्रयास इन आवाज़ों को दर्ज करने के लिए करते हैं। जिस डिजिटल समय में हम रहते हैं, उसमें वॉयस-ओवर कलाकारों का महत्व और प्रभुत्व बढ़ रहा है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि आजकल वॉइस-ओवर-कलाकार के रूप में कॅरियर को युवाओं के लिए एक शानदार विकल्प माना जाता है। सामान्यतया, वॉयस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए अच्छी आवाज़ ही एकमात्र पात्रता मानदंड होता है। हालांकि, यह बहुत आसान लग सकता है, लेकिन जब यह वास्तव में एक वीडियो या एक चरित्र के लिए वॉइस-ओवर करने की बात आती है, तो कई चीजें हैं जो सामने आती हैं। लेकिन, मुख्य रूप से एक अच्छी आवाज और विभिन्न प्रकार के वॉयस मॉड्यूलेशन पर नियंत्रण वॉयस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए प्राथमिक आवश्यकताएं होती हैं। साथ ही साथ आपको भाषा और व्याकरण का अच्छा ज्ञान होना चाहिए और उच्चारण पर उचित नियंत्रण।

इसके लिए आप कुछ अभिनय पाठ्यक्रम का चुनाव कर सकते हैं, जहाँ से आपको एक अभिनय की डिग्री प्राप्त हो सके, क्योंकि वॉइस-ओवर काम का एक बड़ा हिस्सा अनिवार्य रूप से अभिनय कार्य ही है। अपेक्षाकृत अज्ञात कॅरियर विकल्प होने के बावजूद, वॉयस-ओवर-कलाकारों को दी जाने वाली भूमिकाएं और जिम्मेदारियां भिन्न भिन्न हैं।

# नई तकनीक का इस्तेमाल कर कृषि क्षेत्र से जुड़ें

**अब कृषि क्षेत्र भी तेजी से आगे बढ़ रहा है और इसमें भी रोजगार की संभावनाएं बढ़ गयी हैं। इस क्षेत्र में नई तकनीक के इस्तेमाल के बाद कमाई भी तेजी से बढ़ी है। इसलिए अब यह भी पसंदीदा क्षेत्र बनकर उभरा है। आधुनिकता के इस दौर में कृषि के प्रति युवाओं का ये लगाव किसी चमत्कार से कम नहीं है। अगर आप भी कृषि अनुसंधान के क्षेत्र से जुड़कर कृषि वैज्ञानिक या फिर एक बेहतर किसान बनना चाहते हैं तो फिर इसके लिए आपको 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से पास कर बीएससी एग्रीकल्चर या फिर बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स की डिग्री हासिल करनी होगी। यह डिग्री एग्रीकल्चर, वेटनेरी साइंस, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, फॉरेस्टरी, हॉर्टीकल्चर, फूड साइंस और होम साइंस में से किसी भी एक विषय में ले सकते हैं। अपनी पढ़ाई पूरी करके आप सीधे खेती और इससे संबंधित गतिविधियों से जुड़कर कृषि क्षेत्र में देश के विकास में अपना अहम योगदान दे सकते हैं।**



### कृषि क्षेत्र में करियर की संभावनाएं

आज भी भारत की करीब 70 फीसदी जनसंख्या जीविका के लिए पूरी तरह से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में कृषि क्षेत्र में पढ़े लिखे किसानों की सख्त जरूरत है।कृषि क्षेत्र में आप मार्केटिंग, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग या मैनेजमेंट के क्षेत्र में अपना सुनहरा करियर बना सकते हैं।

इसके अलावा आप नेशनेलाइज्ड बैंकों में बतौर कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण विकास अधिकारी, फील्ड ऑफिसर बनकर अपना शानदार करियर बना सकते हैं।इसके साथ ही राज्यों के विभिन्न कृषि विभागों में आपके लिए रोजगार की अपार संभावनाएं मौजूद हैं।

कृषि महाविद्यालयों में एडमिशन पाने के लिए युवाओं के बीच मची होड़ से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन युवाओं के सिर पर कृषि क्षेत्र में करियर का जुनून किस कदर सवार है।

### इन संस्थानों से हांसिल कर सकते हैं डिग्री

- अगर आप भी कृषि क्षेत्र में करियर तलाश रहे हैं तो इसके लिए बेहतरीन संस्थानों के बारे में जानकारी भी हासिल कर लें।
- आप हैदराबाद, पुणे, ग्वालियर, इंदौर और पालमपुर स्थित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर से कृषि के क्षेत्र में प्रशिक्षण ले सकते हैं।
- कोलकाता और भुवनेश्वर के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर से भी आप डिग्री हांसिल कर सकते हैं।
- उदयपुर के राजस्थान एग्रीकल्चर युनिवर्सिटी में कृषि के क्षेत्र में प्रशिक्षण के साथ डिग्री भी पा सकते हैं।
- इलाहाबाद स्थित इलाहाबाद एग्रीकल्चर इंस्टीट्यूट से प्रशिक्षण लेकर आप कृषि क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं।
- अलीगढ़ विश्वविद्यालय के सेंटर ऑफ एग्रीकल्चर में दाखिला लेकर आप कृषि क्षेत्र की बारीकियों को समझ सकते हैं।

# आम जनता के कवि नागार्जुन

कुमार कृष्णन

नागार्जुन मेरे लोकप्रिय कवि रहे हैं। कई बार उनसे मिलने का मौका मिला। पहली बार उनसे भागलपुर के भगवान पुस्तकालय में मिला। उनसे मेरा परिचय हिन्दी के सुप्रसिद्ध समालोचक डॉ विष्णु किशोर झा %बेचन% ने कराया। उन दिनों भागलपुर का भगवान पुस्तकालय साहित्यिक गतिविधियों का केन्द्र था। शायद कोई ऐसा साहित्यकार हो जो भागलपुर के इस ऐतिहासिक पुस्तकालय में न आया हो। यह काल मेरे पत्रकारिता का आरंभिक काल था। उसके कई साल बाद उनसे दूसरी मुलाकात दरभंगा के चंद्रधारी मिथिला कॉलेज दरभंगा के सभागार में आयोजित कवि सम्मेलन में मुलाकात हुई। मेरे साथ नामचीन शायर अनिरूद्ध सिन्हा, कवि विभूति आनंद, मदन कश्यप,अनिल विभाकर,अरूण कमल,सूचना जन संपर्क के अधिकारी आनंद और कई लोग थे। नागार्जुन को लोग %बाबा% कह कर संबोधित करते थे। नागार्जुन को प्रगतिशील काव्यधारा का आधार कवि माना जाता है। सच्चा कवि व्यवस्था का पोषक नहीं, आलोचक होता है। वह सहमतियों का गान नहीं लिखता, असहमतियों की साखी रचता है। कबीर के सदियों बाद ऐसी विस्फोटक चेतना की कविता? केवल नागार्जुन ने लिखी हैं। अरे इन दोउन राह न पाई--- लिख कर कबीर ने हिंदू और मुसलमानों दोनों कौमों की दिशाहीनता और पारस्परिक कलह को वाणी दी और उनकी धर्मांधता पर प्रहार किया तो नागार्जुन ने सदैव आम आदमी के पक्ष में, आम आदमी की हैसियत से सत्ता-व्यवस्था, राजनीति, अहंकार, पद, ऐश्वर्य और पूंजी की मुखालफत की। कबीर ने भी आँखिन देखी की साखी लिखी थी, नागार्जुन भी अपनी ऑखों एवं ऐंद्रिय बोध पर भरोसा करते थे। वे किसी भी हालत में पूँजीपतियों के पैरोकार नहीं हो सकते थे।

नागार्जुन को बाबा कह कर पुकारते थे। मैथिल पंडितों के परिवार में जन्मे नागार्जुन की शिक्षा-दीक्षा किसी विश्वविद्यालय में नहीं, संस्कृत पाठशाला में हुई। धीरे धीरे उनकी प्रतिभा का मार्जन हुआ और उनके भीतर का कवित्व आकार लेने लगा था। शुरू से ही यायावरी के मिजाज़ ने उन्हें उस दुनिया से साक्षात्कार कराया जिसे वे विश्वविद्यालयों की गतानुगतिक शिक्षा से नहीं प्राप्त कर सकते थे। संस्कृत पढ़ी, बाँग्ला के अच्छे जानकार थे ही, सिंहल जाकर पालि पर भी महारत हासिल कर ली। कहा जाता है कि वे अपभ्रंश, सिंहली, तिब्बती, मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी भाषा भी न केवल बखूबी पढ़ लेते थे बल्कि इन भाषाओं के साहित्य से सुपरिचित भी थे। अपनी फाकेमस्ती में भी उनके निकट दैन्य का निवास नहीं था। कहीं के लिए निकलना, कहीं अँटक जाना, भटकते हुए फिर किसी दिशाहीन गंतव्य की ओर निकल पड़ना बाबा के स्वभाव में था। वे अपने मित्रों, शिष्यों के घर पहुँच कर अपनापे से रसोई में जा धमकते थे और फिर पाक-कला पर रससिद्ध प्रवचन करते। उनकी झिड़कियां सुनने को मिलतीं, नाराजगी भी। पर यह सब ज्यादा दिन न चलता। वे फिर उसी अपनत्व से पेश आते। बाबा में वाकई बाबा का स्वभाव बोलता था। वे जिस तरह अपनी उजड़ी गृहस्थी और छोटे बच्चों को छोड़ यायावरी में रम गए थे, उन्हें केवल अपना नहीं, देश- दुनिया का ख्याल था। उनकी परवाह थी। वे कविता में व्याप्त गतिरोध को दूर करना चाहते थे। वह कविता जिसका जन-जीवन से कोई वास्ता न हो, वह उन्हें स्वीकार न थी। कविता का उनके लेखे प्रयोजन यह न था कि वह जीवन में सुभाषित की तरह पेश आए बल्कि वह मानव जीवन के दोषों को उजागर करे, उनका प्रक्षालन भी करे। उनकी कविता यही करती है।

जैसा कि नागार्जुन की जीवन-शैली से स्पष्ट है, वे किसी भी विचार या विचारधारा के बजाय आम आदमी के पक्ष को अहमियत देते थे। इसलिए वे जीवन में किसी भी बद्ध विचारधारा के वशीभूत नहीं रहे। प्रारंभ में वे कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य बने किन्तु भारत पर चीनी आक्रमण के बाद सदस्यता छोड़ दी। आपात काल में इंदिरा गॉंधी के मुखर विरोधी रहे। जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रान्ति के पक्ष में आवाज़ उठाई और फणीश्वर नाथ रेणु के साथ जेल गए पर जब संपूर्ण क्रांति के नायकों का बिखराव देखा तो खिचड़ी विप्लव देखा हमने कह कर उपहास भी किया।

विनोबा भावे से प्रसन्न हुए तो उन पर एक श्लोक शतक ही लिख दिया और उनका भी हश्र देखा तो हर गंगे कह कर आलोचना भी की। गॉंधी की महिमा का स्तवन किया तो उन्हें धनकुबेर का अतिथि भी ठहराया। नेहरू भी उनके व्यंग्य के निशाने पर रहे। इस तरह कोई भी विचार या विचारधारा उन्हें देर तक अपने प्रभामंडल से बॉंध नहीं सकती थी। किसी तरह का नायकत्व उनके लिए केवल अवलोकन और आलोचना से परे न था। लेकिन वे केवल व्यंग्य के कवि नहीं हैं,कविता के भीतरी सौंदर्य की उन्हें गहरी पहचान थी। बौद्ध दर्शन ने उन्हें जीवन में व्याप्त महाकरुणा का बोध कराया था।

नागार्जुन शास्त्रज्ञ थे पर कविता का शास्त्र कैसा होना चाहिए यह उन्होंने इस महादेश की जनता के बीच रह कर रम कर जाना था। उनकी कविता में भाषा और बोलियों के जिस मिक्स्चर की बात अरुण कमल ने कही है, वही उनकी ताकत है। यह वह भाषा है जनता जिसके सर्वाधिक निकट है। इसी भाषा और ऐसे ही अटपटे रूप विधान में कविता के शिखर रचे जा सकते हैं। शास्त्र का हमेशा अनुधावन ही नहीं होता, उसे रचना और तोड़ना भी पड़ता है। तारानंद वियोगी की किसी बात पर नागार्जुन का यह कहना कि %कोई शास्त्र आपको जीवन को समझने में थोड़े ही मदद करेगा। शास्त्र के अनुसार अगर वस्तु और स्थिति को देखिएगा तो फिसल कर गिरियेगा।%

यह बताता है कि वे शास्त्र के अंधानुकरण के हामी न थे। अष्टभुजा शुक्ल ने अपने लेख %काव्यशास्त्र की ऐसी की तैसी% में संस्कृत आचार्यों के काव्यलक्षणों का निर्वचन करते हुए बाबा की स्वेच्छाचारिता के उदाहरण देते हुए जो बात कही है वह अंततः विचारणीय है कि %वे काव्यशास्त्रानुसारी कवि न होकर लोकशास्त्रानुसारी कवि हैं।%

नागार्जुन ने अपनी कविता के स्वरूप को शास्त्रसम्मत बनाने के बजाय जरूरत के तईं उसे तोड़ा, रचा और विकसित किया है। उन्होंने मैथिली में कविता? लिखीं, उपन्यास लिखे तो हिंदी की ठेठ जनभाषा में कविता? और उपन्यास भी। बॉंग्ला में भी उन्होंने प्रभूत संख्या में कविता? लिखीं। किन्तु हिंदी समाज में जनकवि के रुप में समादृत नागार्जुन को पहचान मैथिली काव्य से मिली। %पत्रहीन नग्न गाछ% पर उन्हें साहित्य अकादेमी पुरस्कार से नवाज़ा गया। हिंदी कविता में केदारनाथ अग्रवाल, त्रिलोचन और नागार्जुन की त्रयी मशहूर रही है। तीनों कवियों का जनता से गहरा नाता था। इनमें भी त्रिलोचन की कविता में अवधी का मिजाज मिलता है तो केदारनाथ अग्रवाल के यहॉं बुंदेली की आभा। नागार्जुन में मैथिली और भोजपुरी लोक की बोली बानी का स्वत्व समाया हुआ है। तीनों कवि छंद के वैभव और व्यवहार से वाकिफ थे, इसलिए उन्होंने जनता में ग्राह्य छंदों का प्रयोग किया। त्रिलोचन को हिंदी के पारंपरिक छंदों की रचना में महारत हासिल थी, अवधी के अलावा मात्रिक, वर्णिक सभी प्रकार के छंदों में रचना? उन्होंने की है, यहॉं तक कि सानेट तक में भी। नागार्जुन अंग्रेजों की गुलामी के दौर में जनमे थे। आजादी के लिए किए गए संघर्ष को खुली ऑंखों देखा था। इसलिए आजादी के बाद आजादी की व्यर्थता का अहसास भी उतनी ही तेजी से हुआ। जो खद्दर आजादी की लड़ाई में पवित्र संसाधनों में शुमार किया जाता था। साधन और साध्य की पवित्रता का पर्याय था, उस पर 1949 में ही नागार्जुन ने यह कह कर कटाक्ष किया कि -

**जमींदार हैं, साहूकार हैं, बनिया हैं, व्यापारी हैं**

**अंदर अंदर विकट कसाई, बाहर खद्दरधारी हैं।**

**यही नहीं, आगे यह भी लिखा–**

**खादी ने मलमल से अपनी साठ–गांठ कर डाली है**

**बिड़ला-टाटा-डालमियां की तीसो दिन दीवाली है।**

इस तरह खद्दर की उजली रंगत के पीछे लोगों की नीयत के कालुष्य को नागार्जुन ने भलीभॉंति पहचान लिया था। आजादी में एक महानायक के रूप में उभरे गॉंधी के त्याग और अहिंसा के संदेश को इतनी जल्दी हमने भुला दिया कि बापू के तीनों बंदरों के माध्यम से दी गयी सीख हमारे लिए व्यर्थ हो गयी। बापू के तीनों बंदर बाद में क्या गुल खिलाने लगे यह नागार्जुन की कविता तीनों बंदर बापू के– पढ़ कर जाना जा सकता है। यद्यपि नागार्जुन की प्रतिबद्धता किसी भी प्रकार जड़ीभूत न थी। उनकी ढुलमुल विचारधारा को लेकर अक्सर आलोचना? होती रही हैं, पर इसकी परवाह उन्हें न थी। बल्कि किसके प्रति प्रतिबद्ध हैं और किसके प्रति सम्बद्ध या आबद्ध, इसे उन्होंने खुल कर प्रकट किया है। 'प्रतिबद्ध हूँ' शीर्षक कविता उनके समूचे कवि-व्यक्तित्व का परिचायक है। कहीं कोई भ्रम नहीं। बहुजन समाज की अनुपल प्रगति के निमित्त प्रतिबद्ध, सचर-अचर सृष्टि से, रूप,रस, गंध, स्पर्श, शब्द से, पुण्य से पाप से संबद्ध और स्वजन प्रियजन के प्यार की डोर में आबद्ध हैं। अब कहना हो जिसे चाहे जो कहे। यह है प्रतिबद्धता, सम्बद्धता और आबद्धता की उनकी पारिभाषिकी ।

**नागार्जुन की काव्य चेतना अभावों की पाठशाला में मंज कर निकली है। उन्होंने लिखा है -**

**पैदा हुआ था मैं**

**दीन हीन अपठित किसी कृषक कुल में**

**आ रहा हूँ पीता अभाव का आसव ठेठ बचपन से**

कवि ! मैं रूपक हूँ दबी हुई दूब का।

हर कवि की अपनी युगीन प्रासंगिकता होती है। उन्हें लेकर यह सवाल बार बार उठाया जाता रहा है कि वे तात्कालिकता के कवि हैं, उनमें काल के पार जाने की सामर्थ्य नहीं है। यह सच है कि अपने समय के बहुतेरे प्रसंगों, तात्कालिक घटनाओं को उन्होंने कविता में जगह दी।

## राहुल की यात्रा में पलीते की कोशिश

नवीन जैन

जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा काफी आगे निकलकर स्पष्ट सकारात्मक नतीजे देती दिखाई पड़ रही है, तब राजस्थान के बड़े पार्टी जन उक्त पैदल सफर का बिल्ली बनकर रास्ता काटने का परम, पुण्य और पुनीत कार्य करते दिखाई पड रहे हैं। ऐसे दुखद संदेश फिर आ रहें है कि राहुल से अपना घर, जिसके वे अभी भी अघोषित युवराज हैं, तो सम्हल नहीं रहा, देश में आई दरारें भरने का काम कैसे करेंगे भला? क्या राजस्थान के मुख्यमंत्री तथा पूर्व उप मुख्य मंत्री सचिन पायलट चाहते हैं, जिस पैदल मार्च को मीडिया का एक जिम्मेदार वर्ग सदी का सबसे सफल हो सकने वाला पैदल सफर तक कह रहा है, उसे बीच रास्ते में ही पलीता लगाने के महान कार्य को वे किसी भी कीमत पर अंजाम देकर ही मानेंगे। ठीक है कि राजनीति में कोई भजन कीर्तन करने नहीं आता। जब पार्टी का जहाज़ डूबने लगे, तो उसे डराने, धमकाने और चमकाने वाले को चूहा भी कहा जाता है, क्योंकि जब जहाज़ डूबने लगता है, तो चूहे ही पहली फुर्सत में छू मंतर हो जाते हैं। अर्थात सियासत में वैचारिक प्रतिबद्धता या वफादारी नाम की कोई चीज सिरे से नहीं होती, लेकिन सचिन पायलट कुछ सालों से मुख्यमंत्री पद के लिए अशोक गेहलोत के खिलाफ जो अथक किले लड़ा रहे हैं, उस लड़ाई को फिलहाल एक तरफा युद्ध विराम में भी वे बदल सकते थे, क्योंकि पार्टी उन्हें ही अगला मुख्यमंत्री बनाने का इशारा पहले से ही कर चुकी है और राजस्थान में अगले साल ही तो एसेंबली के चुनाव होने हैं। मीडिया में आई खबरों के अनुसार पूरा माजरा यह कि हाल में पीएम नरेंद्र मोदी ने अशोक गहलोत को सार्वजनिक रूप से सबसे सीनियर घोषित कर दिया। लगे हाथ गहलोत ने भी नहले पर देहला मारते हुए कह दिया कि भारत में चूंकि लोकतंत्र की जड़ें काफी मजबूत हैं इसीलिए पूरे विश्व में नरेंद्र मोदी की तारीफे होती है। इन दोनों बयानों ने राहुल के भारत जोड़ो अभियान के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। वैसे, मोदी काफी कुछ सही भी हैं, क्योंकि गेहलोत कांग्रेस के फ्रंट लाइन लीडर, तो हैं ही सही। मोदी के इस बयान में सचिन पायलट को गुलाम नबी आज़ाद प्रकरण की खामोश गंध सूंघने को मिल गई। सनद रहे कि जब राज्यसभा से गुलाम नबी आजाद आज़ाद हो रहे थे, तब हाउस में मोदी के साथ आजाद भी बहुत भावुक हो गए थे। फिर क्या था? सो कॉल्ड नेशनल या मेन स्ट्रीम मीडिया ने हाथों हाथ आजाद को भाजपा नामक नए पिंजरे में कैद कर लिए जाने की शर्त ही एक तरह से बदली। कांग्रेस से तो आज़ाद ने मुक्ति की घोषणा कर दी, लेकिन उन्होंने भाजपा के न होकर जम्मू कश्मीर में क्षेत्रीय पार्टी बना ली वहां भी विधानसभा चुनाव होने हैं। राजनीति में चूंकि सब कुछ संभव है, तो आजाद अपने मूल प्रदेश में उक्त विधान सभा चुनावों में भाजपा को हमजोली बना सकते हैं। भाजपा को भी, तो उनकी जरूरत पड सकती है। ऐसा करके दोनों पार्टी कोई पाप, तो करेंगी नहीं। जहां तक अशोक गेहलोत का सवाल है, तो सही है कि पिछले कुछ सालों से वे पार्टी अध्यक्ष का पद पाना चाहते थे। इसीलिए उन्होंने भी पार्टी अध्यक्ष पद का चुनाव लडने की सुरसुरी छोड़ी थी। राजस्थान इकाई में उनके समर्थक विधायको ने बगावत भी करने के बिगुल बजाए, लेकिन गेहलोत ने आला कमान से माफी मांगकर मामले को समाप्त कर दिया। हां, यह जरूर है कि जिन तीन बगावत प्रेमी विधायको को नोटिस थमाया गया था, वो मामला अधर में है। इसका कारण यह भी है शायद कि आज भी प्रदेश कांग्रेस में गेहलोत का ही बोलबाला हैं।

## चुनाव का मौसम आते ही राम रहीम पैरोल पर जेल से बाहर आते है

विनोद तकिया वाला

लोकतंत्र के उपवन में चुनाव का अपना महत्व से हम सभी भली भांति परिचित है।पजातंत्र में जनता जनार्दन ही सर्वोपरि होता है।भले ही राजनीतिक दल उनकी भावनाओं का दुर उपयोग कर सता व सिंघासन का सुख भोगती रही है।इस बात इतिहास गवाह है।चाहे इसके लिए उन्हे जनता की धार्मिक भावनाओं से खेलना क्यो नही पड़े !आज आप के समाने एक जीता जागता उदाहरण पेश कर रहे है।यह घटना डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख बाबा गुरुमीत राम रहीम से जुडी है।जिससे भारतीय राजनीति के पंडित व राजनीतिक विश्लेषज्ञ की मध्य चिन्ता व चर्चा के केंद्र विन्दु में बावा बने है।जब चुनाव नजदीक आते तो डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम को जेल से पैरोल पर बाहर निकाला जाता है।राज्य सरकार को बाबा व डेरा समर्थकों की ताकत का पता है।तभी तो बाबा ने अपने आकाओं व राजनेताओं को वहाँ से ऑनलाइन संदेश में इस बात का इशारा भी कर दिया कि उनकी शक्ति व लोक प्रियता उनके अंध भक्तों में बीच में अभी भी बरकार है।आप को बता दे कि हरियाणा के नौ जिलों की करीब तीन दर्जन विधानसभा सीटों पर डेरे का पूरा दखल है। राजनीतिक दल के नेता को पता चलें इसलिए जब राम रहीम के 40 दिन पैरोल पर जेल से बाहर आने की खबर सुनते हीं सारे नेता गण अपनी स्वार्थ की पूर्ति के लिए एक्टिव हो गए है।तभी तो राम रहीम अपने भक्तों व समर्थकों के समाने ना आकर न केवल अपना सतसंग कर रहे बल्कि ऑनलाइन आशीर्वाद भी दे रहे हैं। जैसा कि सर्व विदित रहे कि हरियाणा के आदमपुर में उपचुनाव के साथ राज्य में पंचायत चुनाव होने हैं और राज्य सरकार की अनुकम्पा पर 'बाबा' एक फिर जेल से बाहर आ गया है।राम रहीम ने जेल से लेकर आश्रम तक भीड़ जुटा ली,बाबा की दरबार लगते ही अंध भक्तों के साथ नेताओं की लाइन लग गई। राम रहीम कई अपराधिक मामले में 20 साल काटने हैं और पिछले पांच साल में 6 बार पैरोल पर आ चुका है। हरियाणा में दो चरणों में पंचायत चुनाव कराए जा रहे हैं।पहले चरण में 10 जिलों की जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए 30



अक्तूबर और सरपंच-पंच पद के लिए दो नवंबर को वोटिंग होगी।वहीं दूसरे चरण में नौ जिलों में नौ नवंबर को जिला परिषद और पंचायत समितियों के लिए और 12 नवंबर को पंच-सरपंच पदों के लिए वोटिंग कराई जाएगी,वही आदमपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी है जिसकी वोटिंग दो नवंबर को होगी।

आप को याद होगा कि माननीय न्यायालय के द्वारा गुरमीत राम रहीम को सन 2017 से साध्वी यौन शोषण मामले में सजा काट रहा है और उन्हे दो पत्रकार छत्रपति और रणजीत हत्याकांड में भी सजा हो चुकी है। लेकिन जब जब चुनाव आता है तब तब राम रहीम पैरोल पर बाहर आता है। इस साल भी पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले 7 फरवरी को 21 दिन की पेरोल बाबा मिली थी।उसके तीन महीने बाद 27 जून को फिर से राम रहीम को 30 दिन की पैरोल मिली थी।2021 में तीन बार और 2022 में दो बार पैरोल पर बाहर थे । आप को बता दे कि बाबा का समर्थक पुरे देश है लेकिन हरियाणा पंजाब में अधिक है।

हरियाणा के नौ जिलों की करीब तीन दर्जन विधानसभा सीटों पर डेरे का पूरा पकड है। यहाँ के 15 से 20 लाख अनुयायी डेरे से जुड़े है ऐसे में हर राजनीतिक दल बाबा व डेरा की ताकत को समझती है। हरियाणा के सिरसा, हिसार, फतेहाबाद, कैथल, जींद, अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र जिले ऐसे हैं,जहां डेरा सच्चा सौदा का जनता पर सीधा असर है।

जैसे ही राम रहीम के 40 दिन पैरोल पर बाहर आने की खबर सामने आई वैसे ही हरियाणा में नेता एक्टिव हो गए। राज्य के सभी सरपंच,ब्लॉक समिति मेंबर और जिला परिषद पदों के दावेदार उम्मीदवार बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंच गए। हालाकि गुरुमीत किसी को सामने से दर्शन नहीं दे रहे हैं लेकिन ऑनलाइन सत्संग कर रहे है व ऑनलाइन आशीर्वाद दे रहे हैं। विगत दिनों जब राम रहीम के ऑनलाइन सत्संग में राजनेताओ की लम्बी कतार लग गई , एक भाजपा की मेयर ने तो यहाँ तक कह दी कि- पिताजी आपका आशीर्वाद बना रहे।सबसे हैरानी की बात यह है कि इस सत्संग में बीजेपी की नेता पहुंचीं और उन्होंने जेल में सजा काट रहे राम रहीम से आशीर्वाद लिया ।

## बदली-बदली सुप्रीम कोर्ट नज़र आती है....!

### सूडोकु नवताल- 6237

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 6236 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

ओमप्रकाश मेहता

### (विश्वास का केन्द्र न्यायपालिका)

आज के राजनीति के आपाधापी भरे इस माहौल में हर भारतवासी की आस्था, विश्वास और आशा का केन्द्र सिर्फ और सिर्फ न्याय पालिका ही रह गई है, अब प्रजातंत्र की वास्तविक परिभाषा ''जनता का शासन, जनता के लिए शासन और जनता के द्वारा शासन'' की रक्षा का दायित्व भी न्याय पालिका पर ही केन्द्रीत हो गया, अब देश के आम आदमी का न विधायिका पर भरोसा रहा है और न कार्यपालिका पर, इसलिए न्याय पालिका ही शेष बची है जिस पर देश को भरोसा है.... और यह एक सुखद अवसर है जब देश की न्याय पालिका के सर्वोच्च शिखर सर्वाच्च न्यायालय ने देश की भावना को अच्छी तरह समझ लिया है और आम जनभावना के अनुसार देशवासियों के अधिकारों की रक्षा की दिशा में काम करना भी शुरू कर दिया है। जिसके ताजा उदाहरण ''हेट स्पीच'' के चलन के प्रति सुप्रीम कोर्ट की नाराजी और केन्द्र सरकार के कतिपय फैसलों व केन्द्र के कथित असहयोग के प्रति अपनी खुलकर नाराजी व्यक्त करना है।

किसी भी प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सम्बंधित प्रजातांत्रिक क्षेत्र की सेवा, वहां के निवासियों के अधिकारों की रक्षा तथा क्षेत्रीय कल्याण का दायित्व मुख्य रूप से सरकार पर होता है और इस सरकार के क्षेत्र में केन्द्र व राज्य दोनों शामिल है और प्रजातंत्र का एक प्रमुख अंग विधायिका अपना दायित्व सरकार के माध्यम से ही



पूर्ण करती है और जहां तक प्रजातंत्र के दूसरे अंग कार्य पालिका का सवाल है, वह तो विधायिका या सरकार के नियंत्रण में ही रहता है, अब बचा सिर्फ तीसरा अंग जिसे न्याय पालिका कहा गया है, अब आज जब प्रजातंत्र के दो अंगों कार्य पालिका व विधायिका ने अपने मूल दायित्व जनसेवा, जनरक्षा व जनकल्याण से पल्ला झाड़ लिया है, तब पूरे देशवासियों की नजर न्याय पालिका पर ही आकर ठहरा गई है और यह न्याय पालिका पर अहम् दायित्व आ पड़ा है जिसे न्याय पालिका पूरा करने का प्रयास कर रही है।

इसीलिए अब न्याय पालिका ने जहां केन्द्र सरकार के आदेशों व फैसलों पर तीखी टिप्पणियां शुरू कर दी है, वहीं बहुत कुछ अंशों तक न्याय पालिका व विधायिका (सरकार) एक-दूसरे के सामने खड़ी हो गई है, इसका एक अहम् कारण यह भी बताया जा रहा है और वह है विधायिका अर्थात् सरकार का प्रजातंत्र के दूसरे अहम् अंग न्याय पालिका के क्षेत्राधिकार में गैर संवैधानिक हस्तक्षेप। इसका ताजा उदाहरण केन्द्र सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट से लेकर नीचे तक के सभी न्यायधीशों की नियुक्ति का अधिकार अपने हाथों में लेने की कौशिश है जबकि अभी तक यह अहम् दायित्व एक सर्वोच्च समिति 'कॉलेजियम' का था, अब केन्द्रीय कानून मंत्री ने बयान दिया है कि सुप्रीम कोर्ट से लेकर सभी न्यायालयों में न्यायधीशों की नियुक्तियां केन्द्र सरकार का कानून मंत्रालय ही करेगा, सरकार के इस फैसलें से सरकार व न्याय पालिका के बीच तलवारें तन गई है, न्याय पालिका व संविधान विशेषज्ञों की दलील है कि यदि न्यायधीशों की नियुक्ति व तबादलों का अधिकार केन्द्र के अधीन आ जाएगा तो फिर निष्पक्षता के लिए अब तक लोकप्रिय न्याय पालिका निष्पक्ष नहीं रह पाएगी और उसे भी सरकार के साथ ताल-मेल बनाकर चलना पड़ेगा, जबकि अभी न्याय पालिका प्रजातंत्र का एक निष्पक्ष अंग है, शायद सरकार के फैसलों पर न्याय पालिका द्वारा प्रकट की जा रही नाराजगी को देखते हुए केन्द्र सरकार संसद-विधान सभाओं व कार्यपालिका की तरह न्याय पालिका को भी अपने कब्जें में रखना चाहती है, इसलिए सरकार ने यह एक तरफ फैसला लिया है, केन्द्रीय कानून मंत्री ने तो न्यायधीशों पर अपनी थौंथी दलील पेश करते हुए उन पर राजनीति करने तक का आरोप लगा दिया है। जबकि हमारे संविधान ने सिर्फ देशहित के कानून बनाने की जिम्मेदारी सरकार या विधायिका को दी है, न्याय प्रक्रिया व न्यायालयों के संचालन की नहीं, मूलतः सरकार में विराजित राजनेता यह जानते है कि उनका नियंत्रण न्याय पालिका पर ही नहीं है, इसलिए वे येन-केन-प्रकारेण न्याय पालिका को अपने अधीन करने के प्रयास में जुटे है जिससे कि न्यायाधीशगण सरकार के नियंत्रण में आ जाए और सरकार के फैसलों के विरोध में फैसले जारी न करें? और एक क्षण के लिए यह सोचिये कि केन्द्र सरकार अपने इस गैर संवैधानिक प्रयास में सफल हो जाती है।

## अब पाकिस्तान में क्या-क्या हो सकता है?


डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पाकिस्तान की राजनीति अब एक तूफानी दौर में प्रवेश कर रही है। इमरान खान पर हुए जानलेवा हमले ने शाहबाज शरीफ की सरकार के खिलाफ उसी तरह का गुस्सा पैदा कर दिया है, जैसा कि 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के समय हुआ था। मुझे लगता है कि इस वक्त का गुस्सा उस गुस्से से भी अधिक भयंकर है, क्योंकि उस समय पाकिस्तान में जनरल मुशर्रफ की फौजी सरकार थी लेकिन इस वक्त सरकार मुस्लिम लीग (नवाज़) के नेता शाहबाज शरीफ की है। इमरान ने शाहबाज शरीफ, उनके गृहमंत्री राणा सनाउल्लाह और आईएसआई के उच्चाधिकारी फैजल नसीर पर इस षड़यंत्र का इल्जाम लगाया है। शाहबाज के गृहमंत्री और उनके कई पार्टी नेताओं ने इमरान को बलूचिस्तान की मिर्ची जेल में डालने का इरादा जताया था और इमरान तथा उनकी पार्टी के नेताओं ने यह आशंका भी व्यक्त की थी कि इस रैली के दौरान इमरान की हत्या भी हो सकती है। हत्या की इस नाकाम कोशिश का नतीजा यह हुआ है कि पाकिस्तान के शहरों और गांव-गांव में सरकार के विरुद्ध लोग सड़कों पर उतर आए हैं और यह असंभव नहीं कि पाकिस्तान में लगभग गृह युद्ध की स्थिति बन जाए और मौत की कई खबरें और आने लगें। शाहबाज-सरकार की सिर्फ भर्त्सना ही नहीं हो रही है, लोग खुले-आम पाकिस्तान की फौज को भी कोस रहे हैं। यह पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार हो रहा है। यों भी इमरान के सवाल पर पाकिस्तान की फौज भी दो-फाड़ हो गई है। ऊँचे अफसर जनरल कमर बाजवा की हाँ में हाँ मिला रहे हैं और शेष अफसर व जवान इमरान का पक्ष ले रहे हैं। यदि फौज इमरान और शाहबाज के बीच वैसा ही समझौता नहीं करवा सकी, जैसा कि 1993 में राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान और तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज़ शरीफ के बीच सेनापति जनरल वहीद कक्कड़ ने करवाया था और तुरंत चुनाव नहीं हुए तो हो सकता है कि पाकिस्तान की राजनीति से फौज का वर्चस्व सदा के लिए खत्म हो जाए। यदि ऐसा हो गया तो भारत और पाकिस्तान के संबंधों को मधुर होने में जरा भी देर नहीं लगेगी। मुझे तो आश्चर्य है कि भारत सरकार अब तक गूंगी क्यों बनी हुई है? उसने इमरान पर हुए हमले की तत्काल भर्त्सना क्यों नहीं की? अमेरिका, चीन, तुर्की, सउदी अरब तथा अन्य दर्जनों देशों के शीर्ष नेताओं ने कल शाम को ही बयान जारी कर दिए थे। जाहिर है कि पाकिस्तान की फौज और विरोधी नेता अब इमरान को प्रधानमंत्री बनने से रोक नहीं सकते। अब चुनाव जब भी होंगे, मुझे विश्वास है कि इमरान अपूर्व और प्रचंड बहुमत से जीतेंगे।

# बोल कालिया के जयकारे से गूंज उठा श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर

## एकादशी पर्व पर आचार्य युवराज पाण्डेय ने किया वैदिक मंत्रों से पूजन

संवाददाता हेमचंद नागेश
पुष्पांजली टुडे



छत्तीसगढ़ का प्रमुख पर्व देव प्रबोधनी(देवउठनी) एकादशी पर्व के पावन अवसर पर गरियाबंद जिले का हृदय स्थल श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर में गत 4 सितम्बर को आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय जी के संयोजन में विविध धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया था!जिसमें प्रमुखरूप से दोपहर 3 बजे से गोविन्दाभिषेक व श्री जगन्नाथ जी की पूजा सम्पन्न हुआ!संध्या 4:30 बजे से ध्वज परिवर्तन व नीलचक्र पूजन,तथा आचार्य युवराज पाण्डेय ने संध्या 5 बजे से महाआरती स्तुति के साथ विश्व शांति की कामना किया!और संध्या 5:30 बजे से उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को महाप्रसाद वितरण किया गया!तथा संध्या 6 बजे से रात्रि 10 तक भजन संकीर्तन का धार्मिक आयोजन किया गया था!जिसमें ओडिशा के सुप्रसिद्ध संकीर्तन मंडली ग्राम झुलेंबर,व छत्तीसगढ़ से ग्राम केन्दूकोटपारा मुड़गेलमाल सहित ग्राम सरईपानी के संकीर्तन मंडली को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था!ज्ञात हो कि उक्त समस्त संकीर्तन मंडलियों के कलाकारों द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ जी का गुणगान करते हुए भजन गायन किया गया!तथा महामंत्र का महाजाप किया गया!इतना ही नही बल्कि रात्रि 10 बजे से ओड़िशा के ग्राम केन्दुमन झांकरपारा का सुप्रसिद्ध ओडिया नाचा का आयोजन भी हुआ!जिसमें कार्यक्रम को देखने क्षेत्रभर से हजारों की तादाद में श्रद्धालुभक्त सारी रात डटे रहे!इस अवसर पर श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के तत्वावधान में महप्रसाद भोग भंडारा का विशेष व्यवस्था किया गया था!श्रद्धालु भक्तों ने श्री जगन्नाथ जी का दर्शन कर बारी बारी से महाप्रसाद प्राप्त किया!इस तरह उक्त,समस्त कार्यक्रम में अमलीपदर नगर के नर-नारी एवं क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु भक्त एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे!आचार्य युवराज पाण्डेय ने सर्वे भवन्तु सुखिनः उवाच से सबके सुखमय जीवन की मंगल कामना करते हुए विश्व शांति की कामना किया!अंत में आमंत्रित सभी संकीर्तन मंडलियों को साल श्रीफल से सम्मानित करते हुए सहयोग राशि भेंटकर पुरस्कृत किया!

## स्थानान्तरण के एक माह बाद वन विभाग के कर्मचारी नही हुए भारमुक्त

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

**पन्ना**–मध्य प्रदेश शासन द्वारा अन्य जिलो तथा स्थानीय स्तर पर विभिन्न विभागो के कर्मचारीयों के स्थानान्तरण किये गये थें। उक्त स्थानान्तरण की अतिंम तिथि 5 अक्टूबर निर्धारित थी। पन्ना जिले मे स्थानीय स्तर पर प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर विभिन्न विभागो मे कर्मचारीयों के स्थानान्तरण किये गयें। इसी कडी मे वन विभाग अन्तर्गत लगभग आधा सैकडा से अधिक कर्मचारीयों की स्थानान्तरण विभिन्न रेंजो मे तथा बीटो मे किये गये जिसमे पन्ना टाईगर रिजर्व, उत्तर वन मंडल तथा दक्षिण वनमंडल के कर्मचारी शामिल है। लगभग एक महीना बीत जाने के बावजूद अनेक कर्मचारी आज दिनांक तक भारमुक्त नही किये गयें है तथा विभाग के अधिकारीयों से साठ गाठ करके अभी भी पूर्व मे पदस्थ स्थानो पर जमें हुए है। जबकी जारी किये गये आदेश मे स्पष्ट उल्लेख किया गया था कि आदेश के पन्द्रह दिवस के अन्दर स्थानान्तरति स्थान पर उपस्थिती देने अनिवार्य है। उसके बावजूद उक्त आदेश का उल्लघंन किया जा रहा है। स्थानीय लोगो ने तत्काल संबंधित कर्मचारीयों को संबंधित स्थानो पर भारमुक्त करने का अनुरोध किया है। ज्ञात हो कि अनेक कर्मचारी जिनका स्थानान्तरण जंगल मे विभिन्न बीटो मे किया गया है, वह खाली है जिससे अवैध कटाई तथा अवैध शिकार की घटनाए भी बढ रही है।

## तेजस समाज सेवा समिति ने देहरी जागीर में की बैठक

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर
अभिषेक कुशवाह



सिरोंज ~जन अभियान परिषद के द्वारा चयनित नवांकुर संस्था तेजस समाज सेवा समिति सब्दलपुर के द्वारा ग्राम देहरी जागीर में बैठक आयोजित की जिसमें समिति के अध्यक्ष मोहन रघुवंशी के द्वारा बताया गया कि हमारी संस्था के द्वारा नशा मुक्ति पौधारोपण एवं अन्य कई सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं इस दौरान ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देहरी जागीर एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रेणता थे- विवेक स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन

पन्ना/आज दिनांक 5 नवंबर 2022 को श्री राम शिक्षा प्रचार एवं ग्रामीण विकास समाज उत्थान समिति द्वारा संचालित स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय स्वामी विवेकानंद पैरामेडिकल कॉलेज स्वामी विवेकानंद आवासीय दिव्यांग संस्थान एवं स्वामी विवेकानंद औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के समेकित तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विवेक मिश्रा, महामंत्री , भारतीय जनता पार्टी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती साधना अवस्थी उपसंचालक शिक्षा एवं आनंद पांडे जिला समन्वयक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला पन्ना उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए आईटीआई प्राचार्य धीरज सेन द्वारा सभी का स्वागत एवं परिचय कराया गया, तदोपरांत आनंद पांडेय द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बारे में बताया गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चिन्तक और संगठनकर्ता थे। वे भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष भी रहे। उन्होंने भारत की सनातन विचारधारा को युगानुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वे एक समावेशित विचारधारा के समर्थक थे जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते विशिष्ट अतिथि साधना अवस्थी द्वारा बताया गया कि दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के राष्ट्रजीवन दर्शन के निर्माता माने जाते हैं। उनका उद्देश्य स्वतंत्रता की पुनर्रचना के प्रयासों के लिए विशुद्ध भारतीय तत्व–दृष्टि प्रदान करना था

## नेशनल यूनियन आफॅ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अधिवेशन मे शामिल होगें पन्ना के पत्रकार

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

पन्ना– पत्रकारों के प्रतिष्ठित एवं अन्तरराष्ट्रीय संगठन से संम्बद्ध नेशनल यूनियन आफॅ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन इस बार देश के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में दिनांक 06 एवं 07 नवम्बर 2022 को आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देश के अलग अलग राज्यों के पत्रकार साथी शामिल होगें। राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित होने के लिए पन्ना से जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्य प्रदेश (जम्प) के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेत्रत्व में पत्रकार साथी भोपाल के लिए रवाना होगें। मालुम हो कि राष्ट्रीय अधिवेशन भोपाल में रायसेन रोड स्थित कैलाश रेसीडेन्सी मे आयोजित किया गया है। पत्रकारों के इस दो दिवसीय समागम को देश के ख्याति लब्ध पत्रकार संबोंधित करेगें और वर्तमान में मीडिया की स्थिति तथा मीडिया के समक्ष मौजूद चुनौतियों पर मंथन करेगें।

# बिल्हा शासकीय माध्यमिक शाला में बच्चे विद्यालय में शिक्षक का करते हैं इंतजार




## विद्यालय की शिक्षिका राजकुमारी पांडे जी आती हैं दोपहर 12:00 बजे

सत्येंद्र कुमार प्रजापति पुष्पांजली टुडे

पन्ना जिले के गुनौर विकास खंड गुनौर संकुल अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला बिल्हा में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती राजकुमारी पांडे जी का विद्यालय आने का मनमाना रवैया रहता है 12:00 पुष्पांजलि टुडे की पत्रकार जब विद्यालय पहुंचते हैं तो विद्यालय में प्रधानाध्यापक कच्छ में ताला जड़ा मिला और विद्यालय के बच्चों का कहना है की मैडम का जब घर का काम पूरा हो जाता है तभी विद्यालय आती हूं और हम लोग विद्यालय की चाबी लेकर विद्यालय को खोलते हैं और साफ सफाई करते हैं और इंतजार करते रहते जब मैडम आती हैं तो फिर हमारी पढ़ाई शुरू होती है विद्यालय में माध्यमिक शाला होने की कारण सिर्फ एक शिक्षिका श्रीमती राजकुमारी पांडे जी पदस्थ हैं जो विज्ञान संकाय से पदस्थ हैं विद्यालय में अन्य कोई शिक्षक या अतिथि शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई है जिसमें




विद्यालय के छात्रों का पढ़ाई में बहुत नुकसान हो रहा है यह जानकारी शिक्षा विभाग पन्ना जिले में लापरवाही पूर्वक कार्य करने का रवैया प्रतीत होता है अब देखना यह है कि यह खबर प्रकाशित होने के पश्चात उच्च अधिकारी इसमें कितना संज्ञान लेते हैं बच्चों के भविष्य को देखते हुए विद्यालय में कार्यरत शिक्षिका के विरुद्ध क्या कार्यवाही होती है यह आगे का समय ही बताएगा7

### इनका क्या कहना-:

यह जानकारी आपके माध्यम से मुझे संज्ञान में लाई गई है मैं इसकी जानकारी लेकर कार्यवाही करता हूं

**(सौमित्र मिश्रा संकुल प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गुनौर जिला पन्ना मध्य प्रदेश)**

# पुलिस द्वारा स्थायी वारंटियों को किया गया गिरफ्तार

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे




**पन्ना।** माननीय हाईकोर्ट जबलपुर एवं पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश स्तर में स्थाई वारंटियो, साक्षी एवं गिरफ्तारी वारंट की तामीली हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं एसडीओपी पन्ना श्री बीएस बारीबा के मार्गदर्शन में पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक वारंटों की तामीली किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरी. अरूण सोनी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 1277/08 में फरार स्थायी वारंटी को दिनांक 04.11.22 को भोपाल से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया । इसी प्रकार दिनांक 05.11.22 को माननीय न्यायालय के प्रकरण क्रमांक 42/17, प्र.क्र.125/17, प्र.क्र.86/17 एवं प्रकरण क्रमांक 126/17 में फरार स्थायी वारंटी को सतना से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया । उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरी.अरूण कुमार सोनी, उनि सुशील शुक्ला, सउनि मानसिंह, प्रआर. शिवस्वरूप तिवारी, सतेन्द्र बागरी, चा.प्रआर. मुन्नालाल, आर. दीपप्रकाश, सुन्दरम त्रिपाठी, नीलेश प्रजापति, एवं पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना का सराहनीय योगदान रहा ।

# भारत जोडो यात्रा को सफल बनाने के लिए जिला पंचायत वार्ड प्रभारीयों की सूची जारी

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

**पन्ना**– कांग्रेस पार्टी के नेता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा कन्या कुमारी से कशमीर तक निकाली जा रही है। उक्त यात्रा को लेकर जिले मे समन्वयक बनाई गई पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमी दिव्यारानी सिंह द्वारा यात्रा को सफल बनाने लगातार जोरदार तैयारीयां की जा रही है तथा यात्रा के लिए जिला पंचायत के वार्ड प्रभारीयों की सूची जारी की गई है। जिसमे वार्ड क्रमांक 1 के लिए कमलेश द्विवेदी, प्रेम कुमार पान्डेय, अजय सिंह, रावेन्द्र सिंह परमार, छत्रपाल पटेल तथा शिवकांत शुक्ला, वार्ड क्रमांक 2 साजिद हुसैन, नरेन्द्र आरख, प्रदीप सिंह, कबरूद्दीन, रामनरेश लोधी, वार्ड क्रमांक 3 अवध बिहारी, श्रीपाल पटेल, अरविन्द दुबेदी, ओमकार सिंह, संतोश मिश्रा, वार्ड क्रमांक 4 प्रेमलाल कुशवाहा, जयप्रकाश शिवहरे, सरदार सिंह, रवीकांत अहिरवार, सुशील बंगाली, वार्ड क्रमांक 5 इन्द्रमणि गर्ग, जगदेव सिंह, बृजेन्द्र यादव, लडकू आदिवासी, वार्ड क्रमांक 6 मुन्नीलाल, धीरेन्द्र सिंह, दिनेश पान्डेय, शेख खलीम, मूरत सिंह, उमाकंन्त तिवारी, दिनेश कुशवाहा, प्रहलाद यादव, पुष्पेन्द्र शर्मा, वार्ड क्रमांक 7 राजाराय कोल, गोपी चौरसिया, विनोद चौरसिया, चांद खां, हरीशंकर गर्ग, पप्पू पाठक, रामदीन चौरसिया, चक्रेश पान्डेय, नीरज गर्ग, वार्ड क्रमांक 8 मंजू तिवारी, लखन चौधरी, बद्री पटेल, अरविन्द पचौरी, चन्द्रभान खरे, देवेन्द्र सिंह यादव, दरबारी चौधरी, खुशीराम प्रजापति, रवी परोंहा, ऋषभ गर्ग, वार्ड क्रमांक 9, हीरा सिंह यादव, नेपाल सिंह, सोने लाल चौधरी, रामलाल पटेल, सोखी चौधरी, मंगल सिंह, प्रकाश अहिरवार, रामेश्वर द्विवेदी, श्रीमती अंजू तिवारी, वार्ड क्रमांक 10 श्रीमती जीरा बाई पटेल, धरमराज सिंह, श्याम तिवारी, रामकेश पान्डेय, घसोटा चोधरी, वार्ड क्रमांक 11 राघवेन्द्र सिंह, पुण्य प्रताप सिंह, केश कुमार पान्डेय, नन्दी गडरिया, वार्ड क्रमांक 12 शानदार सिंह, सरफराज फारूकी, वीरेन्द्र प्रजापति, रामपाल सिंह, शुकरत सिंह, गुलाब सिंह, मुलायम सिंह, इन्द्रसिंह, वार्ड क्रमांक 13 अर्जुन सिंह, जयपाल सिंह, दीनदयाल विश्वकर्मा, वार्ड क्रमांक 14 गोविन्द परोंहा, भूपेन्द्र सिंह, पप्पू सिंह, खुशीराम लोधी, हरीराम दुबे, शालिग्राम गौतम, वार्ड क्रमांक 15 आशीष खरे, कालूराम चौधरी, कमलसिंह माफीदार, छत्रपाल सिंह, श्याम प्रताप राठौर, अरविन्द सिंह आदि।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए मनहर कन्या विद्यालय की छात्राओं का हुआ चयन

संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

पन्ना- जबलपुर मे राज्य स्तरीय जनसंख्या शिक्षा रोल-प्ले प्रतियोगिता का आयोजन राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा आयोजित किया गया था जिसमे पन्ना जिले की मनहर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयो की छात्राओं द्वारा भाग लिया गया था जिसमे पन्ना जिले की छात्राओं ने उक्त प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। रोल-प्ले प्रतियागिता के दौरान लोक नृत्य नाटक का आयोजन किया जाता है, जिसमे मनहर कन्या की छात्राओं ने बेहतर प्रस्तुति दी जिसके लिए उनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। नाटक का लेखन तथा निर्देशन पुराना पन्ना विद्यालय के प्रधानाध्यापक चन्द्र भान सेन द्वारा किया गया था। जिन छात्राओं का चयन उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है, उसमे कुमार सुमईया, आरती, शिमरन, मुमताज, साबिया आदि छात्राओं की उक्त सफलता के लिए बधाई देने वालो मे जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी.मिश्रा, प्राचार्य मनहर कन्या श्रीमती भारती खरे, शिक्षिकाये दीपाली, अरूणा आदि।

# महासमुंद लोकसभा के सांसद चुन्नीलाल साहू बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के अनेकों गांव पहुंच कर किया मुलाकात

संवाददाता हेमचंद नागेश
पुष्पांजली टुडे



सांसद श्री चुन्नीलाल साहू ने इन दिनों बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के दौरा करते हुए कई गांवों में कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के लोगों से मिलकर क्षेत्र के समस्याओं की हाल चाल जानने पहुंच रहे हैं जहां चारगढ़ मगधा यादव समाज सभा केंद्र दासोपारा चिचिया में साहू जी ने पहुंच कर मगधा यादव समाज के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की महासमुंद लोकसभा सांसद श्री चुन्नीलाल साहू जी से मुलाकात कर यादव समाज के द्वारा सामुदायिक भवन, गौशाला, धर्मशाला की मांग किया गया, साहू जी ने कहा यादव समाज श्री कृष्ण जी के वंशज हैं गौपालन पर मुख्य रूप से जोर दिया जाना चाहिए उन्होंने आगे और की कहा मेरे घर में भी चार गौ माता है,जब कभी समय मिलता है मैं भी चराने जरूर जाता हूँ, इस सभा में उपस्थित रहे पूर्व संसदीय सचिव श्री गोवर्धन मांझी, चारगढ़ यादव समाज श्री केनुराम यादव,जिला सदस्य धनमती यादव,भागीरथी मांझी, कुंजबिहारी बेहेरा,सरपंच राजकुमार प्रधान,मंडल अध्यक्ष झाखरपारा सीताराम यादव,राजू अग्रवाल,हलधर यादव,केशरी खरसैल, सुशील यादव,जयकुमार यादव,मकरध्वज यादव,मोहन यादव,टेकाराम यादव,अमर यादव, भुवनेश्वर यादव,नकुल यादव,दुर्योधन यादव,बहुत संख्या यादव बंधु उपस्थित रहे लिए

# शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा विराट 108 कुण्डीय महायज्ञ का भूमि पूजन आज

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

पन्ना-नगर के इन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित कचेहरी मार्ग से लगे एवरसाईन गार्डन के सामने चिटाकुंआ के पास राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ के मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आज दिनांक 06.11.2022 को देवभूमि धर्म की नगरी पन्ना में विशाल 108 कुण्डीय महायज्ञ का भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे सांसद खजुराहो एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के मुख्य आतिथ्य तथा म.प्र शासन के खनिज साधन एवं श्रम विभाग के केबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न होगा। गरिमामयी कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री परिवार के संयोजक एल.डी.सिंह करेंगे। कार्यक्रम सुबह 8.00 बजे देव आव्हान से प्रारम्भ होगा जो कि 8.30 तक चलेगा। सुबह 8.30 से 9.30 बजे तक यज्ञ आहूति के पश्चात् 9.45 से अतिथिगणों की उपस्थिति में भूमि पूजन के उपरान्त 10.45 बजे तक अतिथिगणों के प्रेरक उद्बोधन के तुरन्त बाद शांति कुंज के प्रतिनिधियों द्वारा व्यसन मुक्ति एवं नारी सशक्तिकरण पर वैचारिक प्रतिपादन 11.45 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसी कड़ी में सुबह 11.45 से दोपहर 12.45 बजे तक आगुन्तकों के विचारोपरान्त धन्यबाद ज्ञापित होगा। गायत्री परिवार पन्ना ने नगर व जिले के धर्मप्रेमीजनो से उक्त कार्यक्रम मे उपस्थित होने के लिए कार्यक्रम से जुडे मनोज गुप्ता केशरवानी, धीरज तिवारी सहित आदि ने नगर की जनता से शामिल हो कर धरम लाभ उठाने की अपील की है।

## संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

### आदिवासी क्षेत्र कल्दा का अपर कलेक्टर ने किया भ्रमण

### गरीब बच्चो को वितरित किये कपडें कपडे पा कर बच्चे हुए खुश

**पन्ना**- सबसे पिछडे क्षेत्र आदिवासी बहुल्य कल्दा का अपर कलेक्टर जेपी धुर्वे के द्वारा भ्रमण किया गया तथा छात्रावासो एवं आंगनवाडी केन्द्रो का निरीक्षण करते हुए अधीक्षको एवं आगनवाडी कार्यकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिये। श्री धुर्वे ने कन्या छात्रावास कल्दा का भ्रमण किया तथा छात्रावास की व्यवस्था देखकर अधीक्षीका पल्लवी चौरसिया की सराहना की तथा कहा कि जो भी शिक्षक, शिक्षिकाए, आगनवाडी कार्यकर्ता दूसरे के बच्चो को अपने बच्चो के समान ख्याल रखते है। उनको भगवान भी हर संभव मदद करता है क्योकि परोपकार के समान कोई धर्म नही हैं। तत्पश्चात् उन्होने आगनवाडी तथा ग्रामीण क्षेत्रो के आदिवासी बच्चो को कपडे वितरित किये, जिसे पा कर बच्चे भारी खुश नजर आयें। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणो द्वारा अपर कलेक्टर धुर्वे से कहा कि यदि आप महीने मे इस क्षेत्र का इसी प्रकार भ्रमण करते रहेंगें तो यहां की व्यवस्था भी सुधर जायेगी। भ्रमण के दौरान उनके साथ जिला संयोजक आदिम जाती आर के सतनामी, अधीक्षीका ललिता शर्मा, वर्षा सोनी, संजय शुक्ला, वीरेन्द्र पाल, संजू सेन, दीनेश मिश्रा सहित अन्य लोग शामिल रहें।

## पत्रकार विवेक सोनी का दुःखद निधन

पत्रकारो ने दी श्रद्धाजंलि संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

पन्ना– नगर के टिकुरिया मोहल्ला निवासी युवा पत्रकार डीडी न्यूज दिल्ली के संवाददाता विवेक सोनी का गत दिवस दु:खद निधन हो गया। उनके निधन पर स्थानीय पत्रकारो द्वारा गहन शोक व्यक्त करते हुए, शोक श्रद्धाजंलि अर्पित की। ज्ञात हो कि श्री सोनी मेहनती, लगनशील तथा काम के प्रति हमेशा बफादार रहते थें। उनके निधन पर स्थानीय पत्रकारो ने श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए ईश्वर से परिवार को बज्रपात सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। शोक व्यक्त करने वालो मे केके शर्मा, नईम खान, मनीश मिश्रा, राकेश शर्मा, बृजेन्द्र गर्ग, ऋषि मिश्रा, अमित खरे, महबूब अली, अनिल तिवारी, नदीमउल्ला, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, बृजेश त्रिपाठी, व्हीन जोशी, लक्ष्मीनारायण चिरोल्या, छोटू रिछारिया, अर्चना प्यासी, पुष्पा जयसवाल आदि।

# मैनपुर में कबड्डी प्रतियोगिता के पुरूस्कार वितरण में पहुंचे जिले के कलेक्टर प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक तुकाराम कामले

**मैनपुर में पहली बार जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन, 18 टीमो ने लिया भाग, ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं ने जमकर दिखाया अपना दमखम**

संवाददाता हेमचंद नागेश





**मैनपुर** - तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग गरियाबंद द्वारा एक दिवसीय विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र भर से 18 कबड्डी टीमो ने भाग लिया सुबह 10 बजे से वन विभाग में दो कबड्डी कोड में प्रतियोगिता का आयोजन का शुभारंभ किया गया इस प्रतियोगिता में नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रो से बड़ी संख्या में युवा, बुजर्ग और ग्रामीण महिलाएं भी प्रतियोगिता को देखने पहुंचे थे भारी उत्साह के बीच शाम 4 बजे के आसपास फाइनल मैच कबड्डी टीम खम्हारीपारा एवं कबड्डी टीम मैनपुर के बीच खेला गया भारी रोमांचक मैच को खम्हारीपारा की टीम ने जीतकर विजेता बना और कप पर कब्जा किया। इस फाइनल मैच को देखने और खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन करने गरियाबंद जिले के कलेक्टर प्रभात मलिक, पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले, जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष भावसिंह साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश ठाकुर, एसडीओपी पुलिस मैनपुर अनुज कुमार गुप्ता, जनपद पंचायत मैनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशीष अनुपम टोप्पो, वन विभाग के एसडीओ राजेन्द्र सोरी, शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन भी उपस्थित थे। फाइनल मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया इस दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा विजेता टीम खम्हारीपारा को प्रथम पुरस्कार 20 हजार रूपये एवं ट्राफी, उपविजेता टीम मैनपुर को 10 हजार रूपये एवं ट्राफी, तृतीय पुरस्कार ठेमली टीम को 05 हजार एवं ट्राफी, चतुर्थ पुरस्कार मैनपुरकला टीम को 05 हजार रूपये एवं ट्राफी कलेक्टर प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह के हाथो वितरण किया गया। बेस्ट रेडर का पुरस्कार खम्हारीपारा के डिग्गू, बेस्ट डिफेंडर का पुरस्कार लक्षमण यादव खम्हारीपारा एवं बेस्ट आलराउंडर निकेश दीवान मैनपुर को भी ट्राफी व नकद पुरस्कार वितरण किया गया। गरियाबंद जिले के कलेक्टर प्रभात मलिक ने कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा खेल प्रतियोगिता का आयोजन से ग्रामीण क्षेत्रो के प्रतिभाओं को सामने आने का अवसर मिलता है और शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास होता है। पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने कहा कि इस तरह के खेलकूद आयोजन से पुलिस, प्रशासन और जनता के बीच आपासी तालमेल बना रहता है और मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित होता है। खेल हमारे व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है खेल के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते है उन्होने भविष्य में इस तरह के और खेलकूद प्रतियोगिता करवाने की बात कही है।

### ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभाओं को सामने लाने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग का बेहतर प्रयास -भावसिंह साहू

जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष भावसिंह साहू ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कबड्डी हमारे प्राचीन खेलकूद प्रतियोगिता है और इस तरह के कार्यक्रम जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा किया जाना निश्चित रूप से एक सराहनीय प्रयास है जिसकी जितना प्रशंसा किया जाये कम है। श्री साहू ने कहा छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर अवसर देने गांव –गांव छत्तीसढ़िया ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिक कोमल सिंह ठाकुर, रूदेश्वर साहू, संजय गुप्ता, थाना प्रभारी ताराचंद रजक, डिगेश्वर साहू, विनोद सिंह नरेटी, संजय सूर्यवंशी, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, मनरेंगा परियोजना अधिकारी रमेश कंवर, निर्णायक संजीव साहू, बुधलाल नेगी, नंदकुमार रात्रे, गौतम ठाकुर, निलेश देवांगन, दशरथ साहू, लाकेन्द्र ध्रुव, मानसिंग, संतोष ध्रुव, महेन्द्र यादव, वन परिक्षेत्र अधिकारी संजीत मरकाम, वन परिक्षेत्र अधिकारी अमरसिंह ठाकुर, मंडी अध्यक्ष लोकनाथ साहू, बृजलाल सोनवानी, शिव पटेल, रेणुका ठाकुर, नरेन्द्र सिन्हा, चंद्रिकाशंकर साहू, एम डी मानिकपुरी, गज्जू नेगी, तनवीर राजपूत, हिमाचंल साहू, खन्ना रामटेके, शेख ईमामुद्दीन, नारद पटेल, पवन ठाकुर, टीकम पटेल, मुकेश ठाकुर, हुलार ठाकुर, प्रदीप सिन्हा, शेख फैजान, विरेन्द्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभागो के स्थानीय अधिकारी कर्मचारी ग्राम पंचायतो के सरपंच जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग के स्थानीय अमला सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# थाना पिछोर पुलिस ने शराब पीकर पड़ोसी के कुटीर बनाने के लिए रखे छत के पत्थर तोड़ने वाले शराबी बदमाश को दबोच कर भेजा जेल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**पिछोर** , बदमाश से पूरा हरी नगर गांव था त्रस्त। पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया, एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पिछोर थाना की टीम ने राम हरी नगर में शराब पीकर पड़ोसी बाबूलाल आदिवासी कुटीर के लिए बनाने के लिए घर में रखे छत के पत्थर को शराब पीकर सोनू शर्मा और संजय पटेरिया निवासी हरीनगर ने तोड़ दिए व झगड़ा किया ।बाबूलाल आदिवासी ने दिनांक 3=11 22 को थाना पिछोर में आकर रिपोर्ट की जिस पर से थाना पिछोर की टीम ने सोनू उर्फ संजय पटेरिया को आज हरी नगर से धारा 151 जाब्ता फौजदारी में गिरफ्तार किया व उसे एसडीएम कोर्ट पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया । सोनू शर्मा शर्मा उर्फ संजय पटेरिया आए दिन शराब पीकर ग्राम हरी नगर के निवासियों को परेशान करता है अपने परिवार वालों से भी परेशा झगड़ा कर परेशान करता है इसकी मां व परिवार वालों ने इसकी जमानत कराने से कर दिया इनकार ।पिछोर की टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ,प्रधान आरक्षक इंदल सिंह भदौरिया, अरविंद यादव आरक्षक कमल सिंह मांझी मुख्य भूमिका रही।

# कावेरी वेलफेयर फाउंडेशन ने आश्रम स्वर्ग सदन में आश्रमवासियो के बीच मनाई दीवाली






**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर**–महानगर की अग्रणी सामाजिक संस्था कावेरी वेलफेयर फाउण्डेशन ने अपने ध्येयवाक्य ÷समाजसेवा÷को साकार करते हुए शहर के आश्रम स्वर्ग सदन में निराश्रित आश्रमवासीयो के बीच दीपावली पर्व मनाया साथ ही इस अवसर पर भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।इस अवसर पर आश्रम की महिला एवं बालिका शाखा में बालिकाओं को भोजन के साथ ही उनके अध्ययन में सहायक स्टेशनरी सामग्री का वितरण भी किया गया।इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता राव,उपाध्यक्ष रूपल शर्मा,सचिव पूर्णिमा अग्रवाल,कोषाध्यक्ष कंचन,कार्यक्रम संयोजक ऋषि जैन,संस्था के सदस्यों सहित उपस्थित रहे।कार्यक्रम में आश्रम के सेवाभावी सदस्य पवन जी,विक्की जी,राजा जी,हिमांशु जी,पृथ्वी जी एवं कुलदीप जी का विशेष सहयोग रहा।

# पिछोर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता 2000 का इनामी फरार आरोपी किया गिरफ्तार



**राकेश परिहार पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,**पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण भूरिया एसडीओपी पिछोर दीपक सिंह तोमर के निर्देशन में व थाना प्रभारी पिछोर गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पिछोर थाना टीम ने ?2000 का इनामी आरोपी गिरफ्तार किया फरार आरोपी अरविंद पुत्र देवी लाल जाटव निवासी ग्राम जराय को गिरफ्तार किया गया क्रमांक 19/ 19 धारा 376, 342, 120, वी आईपीसी के धारा पंजीबद्ध की गई

### उक्त कार्यवाही में थाना टीम

उपनिरीक्षक नितिन भार्गव ,प्रधान आरक्षक हिमांशु चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक घनश्याम परमार, आरक्षक खंडेराव की मुख्य भूमिका रही

# शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चंद्रशेखर आजाद पर किया गया नाट्य मंचन

**संवादाता हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे**









**बदरवास** – मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक शनिवार को शाला में होने वाली बाल सभा में हर शनिवार को विद्यार्थियों के लिए शासन द्वारा एक नई गतिविधि निर्धारित की जाती है इसी क्रम में इस शनिवार को चंद्रशेखर आजाद जी के जीवन चरित्र पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने चंद्रशेखर आजाद के पूरे जीवन चरित्र को एक नाट्य मंचन के द्वारा प्रदर्शित किया जिसमें छात्राओं ने चंद्रशेखर आजाद के बालस्वरूप चंदू से लेकर अल्फ्रेड पार्क में हुए चंद्रशेखर आजाद जी के बलिदान को प्रदर्शित किया इस नाट्य मंचन में शिवानी राठौर और खुशी राठौर ने सूत्रधार का किरदार निभाया वही परी विसरिया ने चंद्रशेखर आजाद जी के बाल स्वरूप चंदू का किरदार निभाया वही रजनी और आरती ने चंद शेखर के माता पिता का किरदार निभाया शिवानी ने मजिस्ट्रेट, भगत सिंह, सुखदेव ,राजगुरु का किरदार अखिलेश, जाटव अंजलि केवट, ज्योति ओझा ने निभाया रामप्रसाद बिस्मिल का किरदार परी परिहार ने निभाया भारतीसेन ,भारती जाटव, मोनिका ने बालस्वरूप चंदू के दोस्तों का किरदार निभाया वही यज्ञा अवस्थी, आस्था यादव आदि ने अंग्रेज अधिकारियों का किरदार निभाया

चंद्रशेखर आजाद जी के इस नाट्य मंचन सभी छात्राएं भावविभोर हो उठे और अल्फ्रेड पार्क में आजाद जी के स्वयं को गोली मारने के साथ ही सभी ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाना शुरू कर दिए

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य चंद्रभान श्रीवास्तव द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया और बताया गया कि हमें देश के लिए जान न्योछावर करने वाले देश के क्रांतिकारियों को कतई नहीं भूलना चाहिए और उनके इस बलिदान से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए शिक्षक कपिल परिहार ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद जी ने अपने जीवन के सुख चैन को त्याग कर मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर दिया और मातृभूमि की रक्षा करते करते अपने प्राणों की आहुति दे दी अब हम सभी का यह कर्तव्य बनता है चंद्रशेखर आजाद जी के द्वारा बताए गए विचारों पर चलकर देश के लिए हम भी कुछ कर सकें उनकी प्रेरणा पाकर देश के प्रति समर्पण का भाव हम सभी के अंदर हो

कार्यक्रम में चंपालाल ओझा जी द्वारा सभी बाल कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया कार्यक्रम में ममता श्रीवास्तव ,चंद्रवीर सिंह सेंगर, विनीता कुशवाह, बसंती मिंज, लक्ष्मण राठौर ,श्री कृष्ण सुमन, चंपालाल कुशवाह, संतोष ओझा, कपिल परिहार, नीतू श्रीवास्तव, शालिनी श्रीवास्तव, बलराम परिहार आदि के साथ सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रहे

# भीम आर्मी के लोगों ने जिला मुख्यालय प्रदर्शन कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी को लेकर पाली एसपी को सौंपा ज्ञापन

**पुष्पांजलि टुडे। पाली राजस्थान नरेश कुमार सिरवी**



**पाली** राजस्थान। भीम आर्मी द्वारा पाली जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर पाली एसपी को सौंपा ज्ञापन भीम आर्मी के जिला प्रवक्ता विक्रम परिहार ने बताया की राजस्थान में कानून व्यवस्था दम तोड़ चुकी है, ।आए दिन दलितों पर अन्याय अत्याचार आम बात हो गई है, आए दिन ऐसी- एसटी के लोगों का शोषण किया जा रहा है, जिसमें सरकार और प्रशासन हाथ पर हाथ रख कर बैठी है, जिसमें एक घटना कालू सिंह पुत्र अजीत सिंह जाति (वाल्मीकि) द्वारा नगर परिषद के अधीन ठेकेदार सतीश शर्मा द्वारा कार्य में लगातार शोषण एवं जातिसूचक शब्दों से अपमानित एवं जलील करने पर दिनांक 23/10/2022 को पाली थाना सिटी कोतवाली मैं रिपोर्ट दी जाती है, उसके 4 दिन बाद दिनांक 27/10/2022 को प्रकरण दर्ज होता है, उसके बाद बाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से सतीश शर्मा की तत्काल गिरफ्तारी की मांग को लेकर पाली एसपी को ज्ञापन दिया गया ज्ञापन सौंपने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो रही, जिसमें आरोपी के हौसले और बुलंद हो रहे हैं, आरोपी को कानून के नाम का कोई डर नहीं है, और पीड़ित को लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही है, आरोपी सतीश शर्मा खुलेआम घूम रहा है, और पुलिस प्रशासन द्वारा उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा रही है, क्योंकि सतीश शर्मा के बड़े राजनीतिक रासुकात होने के कारण प्रशासन द्वारा उसे गिरफ्तार नहीं किया जा रहा, क्योंकि राजनीतिक रासुकात रखने वाले लोग आरोपी का बचाव करने की कोशिश कर रहे हैं, जब ऐसी एसटी के लोगों पर अन्याय अत्याचार होता है, तब यह राजनीतिक नेता कहां पर रहते हैं, तब यह हमारे साथ खड़े क्यों नहीं होते हैं, क्यों सिर्फ इनको ऐसी- एसटी के लोगों के वोट से मतलब है,भीम आर्मी द्वारा यह मांग की जाती है कि अगर आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार नहीं किया गया तो भीम आर्मी द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा जिसका संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की रहेगा, इस मौके पर भीम आर्मी जिला प्रभारी अशोक वाल्मीकि राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष रामलाल चौहान शहर अध्यक्ष दिनेश मेघवाल संरक्षक हुकमाराम परिहार सदस्य भीमाराम मेघवाल समाज के वरिष्ठ द्वारका प्रसाद जावा जगराम गुजराती विक्की तेजी अर्जुन चौहान भोजूमल आदिवाल परमानंद ऊंटवाल राकेश कंडारा नरपत कंडारा आदि समाजसेवी उपस्थित रहे,

### राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा आज

**संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**

**पन्ना**- राष्ट्रीय मीन्स कम मैरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा 2022-23 छह नवम्बर को सभी पांच विकास खंडो तथा नौ केन्द्रो मे आयोजित की जा रही है। जिसमे हजार 520 छात्र छात्राए परीक्षा मे शम्मलित होगें। जो केन्द्र बनाये गये है उसमे शासकीय रूद्र प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पन्ना, शासयकी उत्कष्ट उच्चतर माध्यमिक शाला गुनौर, शासकीय कन्या हाई स्कूल गुनौर, शासकीय उत्कष्ट महाविद्यालय पवई, शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक शाला पवई, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाहनगर तथा शासकीय उत्कष्ट महाविद्यालय अजयगढ तथा शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजयगढ मे परीक्षा संपन्न होगीं। जिला परियोजना समन्वयक अरविन्द सिंह गौर ने सभी बीआरसीसी/जन शिक्षको तथा माध्यमिक शाला प्रधानाध्यापको को अधिक से अधिक बच्चो को परीक्षा मे शामिल कराये जाने के निर्देश जारी किये है।

# मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

संवाददाता हरिओम परिहार पुष्पांजली टुडे







अगवानी में ग्वालियर एयरपोर्ट पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय अध्यक्ष जी की टीम ने स्वागत किया÷एवं समाज को आर्थिक मजबूती दिलाने हेतु अर्थात समाज को शिक्षा की ओर ले जाने हेतु÷एवं विकास और प्रगति के विषय पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कप्तान सिंह जी ने माननीय मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री जी से चर्चा विस्तृत की एवं 2006 से लगातार गढ़कुंडार की पावन धरा पर जो तीन दिवसीय महाकुंभ होता है÷मेला लगता है÷उस विषय पर भी बड़ी गहराई से चर्चा विस्तृत करते हुए गढ़ कुंडार महोत्सव मैं माननीय मुख्यमंत्री जी के आगमन हेतु पत्र देकर आग्रह किया÷सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री जी ने माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के आग्रह को स्वीकार कर लिया है

# मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवम छात्रावास दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

67 मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस पर 1 नवंबर से 07 नवंबर तक जनजाति कार्य विभाग बालाघाट द्वारा संचालित लांजी के शासकीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास, आदिवासी कन्या छात्रावास, अनुसूचित बालक छात्रावास के संयुक्त आयोजन एवं स्पोर्ट एंड स्काउट्स गाइड आर्गनाइजेशन के सहयोग से विविध कार्यक्रम रंगोली, महेदी, खेलकूद प्रतियोगिता , सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस के अवसर पर 04 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा ताराचंद कालबेले के मुख्य आतिथ्य , संदीप कुमार रामटेककर उपाध्यक्ष की अध्यक्षता , एवम दिनेश कचवाहे सभापति लोक निर्माण नगर परिषद लांजी, किशोर रामटेककर सभापति राजस्व नगर परिषद लांजी, संजय सय्यम पार्षद, मुकेश रणदीवे पार्षद, विकास खंड शिक्षा अधिकारी बी आर गुर्दे, छात्रावास पालक संघ के अध्यक्ष कुंवर लाल मर्सकोले, दिनेश शेण्डे के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा पुष्प माला अर्पित एवम दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान आदिवासी कन्या छात्रावास की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया, तत्पचात अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। शासकीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास की बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत एवम मध्यप्रदेश गान प्रस्तुत किया। शासकीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास की अधीक्षक श्रीमती सरिता कूथेकर द्वारा छात्रावास को मिलने वाली योजना की जानकारी दी गई। और बताया कि निःशुल्क आवास, भोजन, एवं कोचिंग की व्यवस्था हैं, साथ ही आगे बताया की छात्रावास में छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास ही हमारा उद्देश्य है। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आदिवासी कन्या छात्रावास एवम अनुसूचित जाति बालक छात्रावास के छात्र छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दी एवं शासकीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास के 9वी से आंचल नागवंशी एवं समूह , 10वी से पूनम दमाहे एवं समूह , 11वी से प्रियंका यादव एवं समूह तथा 12वी से करिश्मा बिझलेकर एवं समूह ने अलग अलग सामूहिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। छात्र छात्राओं की प्रस्तुति में लोक नृत्य एवं लोक संगीत की अमिट छाप छोड़ते हुए दर्शक का मन मोहित किया।

**कार्यक्रम के अंत में अतिथि उद्बोधन संपन्नः** कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों का उद्बोधन हुआ। जिसमें पार्षद किशोर रामटेककर के द्वारा छात्र छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन बेटियों के लिए लालडी योजना 2.0 की जानकारी से अवगत कराते हुए शासन की अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

पार्षद दिनेश कचवाहे ने भी अपने उद्बोधन में कहा की हम आज 67 वां मध्यप्रदेश स्थापना दिवस मना रहे हैं जो की मध्यप्रदेश विदर्भ से अलग हुआ हैं और अन्य जानकारी से छात्र छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम के अंत में नगर परिषद उपाध्यक्ष संदीप रामटेककर ने अपने उद्बोधन में कहा की अगर आज भारत की संस्कृति जीवित हैं तो वह सिर्फ और सिर्फ लोककला एवं लोक कलाकारों के कारण हैं, नहीं तो आधुनिकता समाज में इतना असर कर चुकी हैं की भारतीय संस्कृति दिनों दिनों लुप्त होते जा रही हैं, किंतु लोक कला एवं नृत्य सिर्फ छात्रावास में ही देखने मिलती हैं। तीनों छात्रावास अधीक्षक श्रीमती सरिता कूथेकर, श्रीमती अनुसुइया मेश्राम, पुरुषोत्तम मुरकूटे का जिन्होंने ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, साथ ही आभार कि छात्रावास परिसर को साफ एवं स्वच्छता रखने के लिए। क्योंकि हम स्वच्छ हैं तो स्वस्थ हैं तथा कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। जिसमे रंगलोई प्रतियोगिता में नेहा दमाहे, डाली फुलमारे, प्रथम, द्वितीय स्नेहा गोस्वामी, हिमानी खोबरागड़े, निशा जामरे एवम तृतीय ईशा चौधरी, सुहानी वैद, चांदनी घासले ने प्राप्त किया इसी क्रम में मेंहदी प्रतियोगिता में चांदनी घासले, पायल नरनौरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, सुहाना लिल्हारे, स्नेहा गोस्वामी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, कुसुम जमूरे, पूनम दमाहे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कब्बडी प्रतियोगिता में विजेता आदिवासी कन्या छात्रावास एवम उपविजेता शासकीय सीनियर उत्कृष्ट कन्या छात्रावास की टीम रही जिन्हें पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले, अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले, अधिकतम उपस्थिति दर्ज करे वाले छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष कुमार कूथेकर द्वारा किया गया। अंत में अधीक्षक श्रीमती अनुसुइया मेश्राम द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी छात्रावास अधीक्षक एवम समस्त कर्मचारियों, स्पोर्ट एंड स्काउट्स गाइड आर्गनाइजेशन के कार्यक्रम समन्वयक दीपांकर भार्गव, लवकुश यादव एवम छात्र छात्राओं का योगदान रहा।

## चौ.भरत सिंह को संयुक्त राष्ट्र संघ से बतौर ऑब्ज़र्वर आमंत्रण

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री चौ राकेश सिंह चतुर्वेदी के छोटे पुत्र भरत सिंह चतुर्वेदी को संयुक्त राष्ट्र संघ से बतौर ऑब्जर्वर आमंत्रित किया गया है।



संयुक्त राष्ट्र संघ से ऑब्जर्वर के रूप भरत चतुर्वेदी को आमंत्रित किये जाने से जिला भिण्ड के अलावा सम्पूर्ण मध्यप्रदेश एवं देश में जिला भिण्ड का नाम गौरान्वित होने से लोगों प्रसन्ता जाहिर करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। ईजिप्ट में जलवायु परिवर्तन एवं जलवायु क्रिया पर ऐतिहासिक मीटिंग - COP27 होने जा रही है। आगामी 15 दिनों में एक सुरक्षित भविष्य के लिए करीबन 190 देशों से राष्ट्पति एवं प्रधानमंत्री स्तर पर जलवायु क्रिया पर शोध एवं कार्यान्वयन आधार तय होगा।

## मप्र स्थापना के उपलक्ष्य में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**अटेर ।** मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष में आज दिनांक 5 अक्टूबर 2022 को कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान एवं खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी शैलेंद्र भारती के निर्देशानुसार अटेर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नीरज सिंह बघेल के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक अटेर मैं कराया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शास. हाई स्कूल परा प्रभारी प्राचार्य शिशुपाल भदौरिया, शिक्षा विभाग से ब्लॉक क्रीड़ा प्रभारी ब्रजेश शर्मा, लहार युवा समनवयक अनिल श्रीवास, युवराज भदौरिया, निर्मल कुमार शर्मा, अजय तोमर, साधना तोमर, गीता जयंत, अल्का बाजपाई,राजेंद्र सिंह उपस्थित रहे । प्रतियोगिता में बालक वर्ग में विजेता के रूप में जागन्नाथ पुरा टीम रही उप विजेता शास. हाई स्कूल परा कक्षा 10 की टीम रही, इसी क्रम में बालिका वर्ग में विजेता टीम शास. हाई स्कूल परा कक्षा 10 की रही उप विजेता शास हाई स्कूल परा कक्षा 9 की टीम रही विजेता उपविजेता टीमो के कप्तानो को शील्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया।



## देश में फैलाई जा रही नफरत के खिलाफ है भारत जोड़ो यात्रा ः मानसिंह कुशवाहा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ों यात्रा की शुरुआत अटेर विधानसभा की फूफ कस्बा से की गई जिसमें यात्रा दीनपुरा भिंड शहर होते हुए नहर के पास यात्रा का रात्रि विश्राम रखा गया। यात्रा में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा देश में बढ़ रही महंगाई, देश में बढ़ रही बेरोजगारी, किसानों के साथ हो रहे अन्याय,महिलाओं पर हो रहे अत्याचार,एव सरकार की तानाशाही के खिलाफ यात्रा का आगाज है पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी देशभर में यह यात्रा निकाल रहे हैं। उसी संदर्भ में हर जिले से यात्रा का स्वरुप बनकर मुख्य यात्रा में सम्मिलित होने का कार्य करेंगे यात्रा में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय ध्वज लेकर आगे चलने का कार्य किया जा रहा है यात्रा की शुरुआत राष्ट्गान के साथ की गई जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता रामप्रकाश यादव द्वारा यात्रा को हरी झंडी दिखाई गई रास्ते में किसानों और व्यापारियों में यात्रा को देखकर उत्साह दिखा और उन्होंने यह गुजरने वाली यात्रा का स्वागत सम्मान जगह-जगह किया। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में मिल रहा जन समर्थन, बता रहा है भारतीय जनता पार्टी की नीति रीति से आमजन दुखी हैं और आने वाले समय 2023 में आमजन इसका जवाब भारतीय जनता पार्टी को देगा,भारत जोड़ो पद यात्रा आमजन में चर्चा का विषय बनी हुई है। इसी तरह यात्रा में सम्मिलित सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। यात्रा में प्रमुख रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी रामकिंकर गुर्जर यात्रा के प्रभारी रणजीत सिंह गुर्जर, सह प्रभारी संदीप मिश्रा,अध्यक्ष शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा,वरिष्ठ नेता बृजेन्द्र सिंह कल्लू,वीरेंद्र यादव,अमर सिंह शाक्य, रामहर्ष सिंह कुशवाह ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह बघेल,चतुर सिंह नरवरिया,राजा सिंह भदौरिया,वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र सिंह भदौरिया पिंकी , मनोज देपुरिया,बरिष्ठ नेता राम प्रकाश यादव,संतोष त्रिपाठी,भिंड दतिया लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी देवाशीष जरारिया मेहगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजवीर बघेल,कृष्ण गोपाल चौरसिया,अरविन्द सोनी विजय देपुरिया,सुशील पचौरी आदि लोग मौजूद रहे ।



## आपका अनुभव बनेगा विकास का आधार - रणवीर

### पूर्व परिषद का विदाई एवं वर्तमान परिषद का सम्मान समारोह संम्पन्न

**मोनू बाथम पुष्पांजली टुडे**

**गोहद** -नगरपालिका के पूर्व पार्षदों का विदाई समारोह एवं सम्मान समारोह तथा पूर्व अध्यक्षों का विदाई समारोह हुआ जिसमें एडवोकेट महेश श्रीवास्तव द्वारा आयोजित नवनिर्वाचित परिषद का सम्मान एव पूर्व परिषद के बिदाई समारोह पूर्व विधायक केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रणबीर जाटव के मुख्य आतिथ्य में एव नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू माहौर की अध्यक्षता में गांधी पार्क मैदान में सम्पन्न हुई मंच पर शिक्षाविद महेशचंद भटेले ,शिक्षाविद माहौर ,बरिष्ट नेता राजनारायण शर्मा, कमलसिंह तोमर ,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा ,भीकमकौशल, रामसिया जाटव ,ओपी आर्य , श्रीमती गुड्डीबाई माहौर आदि उपस्थित थे यहाँ नवनिर्वाचित व पूर्व अध्यक्ष पार्षदों एव शिक्षाविदों तथा पत्रकारगण का शाल व श्रीफल भेंट कर मुख्य अतिथि के करकमलों से किया गया



गांधी पार्क में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त संत रविदास हथकरघा विकास निगम अध्यक्ष रणवीर जाटव ने कहा कि पार्षद का चुनाव सबसे कठिन चुनाव होता है इस चुनाव में मतदाता व समस्याओं से सीधा सम्बन्ध होता है आपके अनुभव का नगर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है नगर में नामांतरण के प्रकरणों के निराकरण में गति आयी है उचित मूल्य दुकान संचालक वितरण में गलती करते है तो उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज की जाएगी हम सब लोग मिलकर नगर विकास की अवधारणा को साकार करेंगे कार्यक्रम आयोजक एडवोकेट महेश श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य संवाद स्थापित करना है पूर्व व नवनिर्वाचित प्रतिनिधि आपस मे संबाद स्थापित कर पूर्व प्रतिनिधि के अनुभव से नगर में विकास की अनवरत श्रंखला स्थापित करे इस अवसर पर मनोज थापक राजेन्द्र विजयवंशी ,प्रदीप भारद्वाज, संजय झा, अरविंद भदौरिया, राजाराम रजक ,राजेन्द्र गुप्ता, कौशल भटेले ,राहुल बाथम ,हसीन भारैया सन्तोष राठौर ,केपी राठौर ,पिंकी सगर,नीरज राणा,दिलीप सक्सेना, सोनूतोमर आदि उपस्थित थे

## निबंध व पोस्टर प्रतियोगिता मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित की गई साथ ही कन्याकुमारी के लिए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग से प्राप्त पत्र के अनुसार अंबाह पीजी कॉलेज अंबाह की रासेयो इकाइयों द्वारा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया निबंध प्रतियोगिता का विषय ÷मध्य प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर ÷ तथा पोस्टर प्रतियोगिता मध्यप्रदेश के गौरव को दृष्टिगत रखते हुए रखी गई दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल के रूप में डॉ शशि बल्लभ शर्मा प्रोफेसर रेनू राजावत राम किशोर उपाध्याय रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान निर्मलता बी.ए.. सेकंड ईयर द्वितीय स्थान अर्पित तोमर बी.ए.फाइनल ईयर सुप्रिया सिंह बीएससी सेकंड ईयर तथा तृतीय स्थान पर दिव्या बीकॉम फर्स्ट ईयर की छात्रा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर ने सभी प्रतियोगियों को शुभाशीष दिया तथा प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया साथ ही अंबाह पीजी कॉलेज के छात्र अर्पित तोमर तथा अंशु त्यागी को विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी मध्य प्रांत द्वारा आयोजित युवा भारत नेतृत्व अभियान में चयन तथा भागीदारी करने के लिए बधाई दी यह शिविर 30 अक्टूबर से 2 नवंबर तक भोपाल मे आयोजित हुआ था इस शिविर में मुरैना जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं अंबाह पीजी कॉलेज के छात्रों का चयन कन्याकुमारी विवेकानंद किला स्मारक दर्शन के लिए हुआ है इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य तथा रासेयो जिला संगठक डॉ शशि बल्लभ शर्मा तथा कार्यक्रम अधिकारियों ने अर्पित तोमर और अंशु त्यागी को बधाई दी



## वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम सम्पन्न

**हमेश कटरे रिपोर्टर बालाघाट**

मध्यप्रदेश में 1 नवंबर से 7 नवंबर तक मध्यप्रदेश स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम मनाया जा रहा है, इसी कड़ी में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिले की खैरलांजी अंतर्गत वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अनेक प्रकार की विधाओं/ प्रतियोगिताओं में भाग लिया। छात्र-छात्राओं द्वारा लोक नाट्य प्रतियोगिता, लोकनृत्य ,निबंध, पोस्टर , भाषण एवं प्रश्न मंच आदि प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिताएं संपन्न होने के बाद छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण तथा स्वल्पाहार वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी तथा कार्यक्रम के प्रभारी बुद्धवर्धन फुलमारे, प्राचार्य के एल हिवारे, आई पी सलामे, क्रीडा अधिकारी नवीन कोरट, डॉ उमेश सिंह कुशवाहा, रोहित पांडेय, वीरेंद्र पटले, श्रीमती पूनम गुप्ता, श्रीमती रोहिणी देवी पटले, सुनील देवारे, आकाश, आरती, दुर्योधन, दिनेश बनोटे एवं महाविद्यालय के छात्र छात्र उपस्थित रहे।



## महेंद्र मुणोत ने अन्नदान कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** ःकर्नाटका राज्योत्सव के उपलक्ष्य में बापूजीनगर एवरब्राइट विद्यालय के निकट चौराहे पर कन्नडा संगठन द्वारा आयोजित अन्नदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को भोजन परोसते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत।एंव ट्रस्ट के पदाकारी मौजूद थे । इस महोत्सव में बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों ने प्रसाद का ग्रहण किया । आयोजकर्ता ने महेंद्र मुणोत को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया ।



## महेंद्र मुणोत ने गौ सेवा के लिए एक लाख रुपए का दिया सहयोग

**पुष्पाजंली टुडे बेंगलूरूः** कर्नाटक चिकमगलूरू के निकट ग्रामीण क्षेत्र के श्री स्वामी समर्थ रामदास ट्रस्ट के प्रमुख संतोष कुमार को महेंद्र मुणोत ने गौ सेवा के लिए ?100000 की सहयोग राशि का चेक प्रदान किया । ट्रस्ट की ओर से महेंद्र मुणोत को धन्यवाद दिया ।


## दबोह में सजा खाटू श्याम बाबा का दरबार,श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल ने बांटी प्रसादी

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** नगर के कोंच रोड पर गुरुवार को शीश के दानी खाटू श्याम बाबा का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से गाजे बाजे व आतिशबाजी के साथ मनाया गया।बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर सर्वप्रथम विधिविधान से बाबा की आरती की गई।तदोपरांत केक काटकर आतिशबाजी के साथ बाबा का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया हुआ।उसके बाद बाबा को तरह तरह की मिठाइयों,फल व बाल भोग का भोग लगाया गया और प्रसादी का वितरण किया गया।श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल के अध्यक्ष अर्पित गुप्ता द्वारा बताया गया कि बाबा श्याम का जन्मोत्सव नगर में पहली बार मनाया गया जिसमें हजारों की संख्या में भक्तो महाआरती का पुण्य लाभ लिया व प्रसादी ग्रहण की।साथ ही बताना मुनासिब होगा कि श्री मुरली मनोहर सेवा मण्डल नगर में लगातार समाजसेवा व धार्मिक कार्यो में आगे रहता है हाल ही में 26 अक्टूबर 2022 को मण्डल द्वारा दीपावली की दौज पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माँ रतनगढ़ धाम जाने वाले भक्तो के लिए आठवां विशाल भंडारा लगाया गया था जिसमे भी हजारों भक्तो ने प्रसादी ग्रहण की थी।वहीं बाबा श्याम के जन्मोत्सव पर सजे दरबार मे नायाब तहसीलदार अमित दुबे भी बाबा के दर्शन करने पहुंचे और प्रसादी ग्रहण की कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति में अर्पित गुप्ता,शशांक बुधौलिया,प्रतीक गुप्ता,लोकेंद्र कौरव(टिंकू पटेल),राव साहब गुर्जर,मनीष गुप्ता,श्याम सोनी,शिबम सोनी,राजू माली,राधे अग्रवाल,संजीव अग्रवाल,ओमजी गुर्जर,साकेत राजौरिया,रोहित गुप्ता,रवि विश्वकर्मा,शिबम विश्वकर्मा,विकास गुप्ता,अवनीश गुप्ता आदि लोग सहयोगी रहे।वहीं नगरवासियों में अवधकिशोर गुप्ता,सुरेश गुप्ता परा,अशोक गुप्ता परा,सोनू गुप्ता मैथाने वाले,आनंद शर्मा फरदुआ,अनिल गुप्ता परा,सुशील सविता, पत्रकार हरिश्चंद्र पांडेय,अल्लाह त्रिपाठी,रविन्द्र शर्मा,दिलीप नायक,पंकज शर्मा,राजा भैया पाल,कुंजबिहारी कौरव,सुधांशु मुद्गल,मयंक उदैनिया,नीरज महातेले, पंकज गुप्ता,पंकज महातेले,डॉ.उमाशंकर गुप्ता,ओम श्रीवास्तव,बलवान मास्टर,अमित अग्रवाल,विंकु गुप्ता,अंकित अग्रवाल,अर्पित सेठ,सोम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।







## टीचर की प्रताड़ना आयी सामने

# प्रिंसीपल-टीचर ने अपमानित किया, छ्ज्ञ9 फंदे पर झूला, क्लास में चला पटाखा, 12वीं के छात्र को माना दोषी

ग्वालियर। क्लास रूम में कोई पटाखा फोड़ता है। इसका आरोप एक 16 साल के छात्र के माथे मड़ दिया जाता है। क्लास टीचर, साथी टीचर के साथ मिलकर पहले उसे शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देते हैं। इतना ही नहीं वे उसे आरोपी की तरह प्रिंसिपल के सामने पेश करते हैं। यहां स्कूल से निकालने की धमकी दी जाती है। इतनी बेइज्जती छात्र सहन नहीं पाता, वह घर जाता है। बिना खाना खाए ट्यूशन के लिए निकलता है और सीधे अपनी बुआ के घर पहुंचता है। यहां कमरे में बुआ की साड़ी से फांसी लगा लेता है।

यह दुखद घटना घटी है ग्वालियर के बिलौआ गांव में। ... और स्कूल का नाम है विवेकानंद हायर सेकेंडरी। शनिवार को इस मामले में प्रिंसिपल, क्लास टीचर समेत तीन टीचरों को छात्र की मौत का जिम्मेदार मानते हुए पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

### यह है पूरा दुखद घटनाक्रम...

बिलौआ गांव का रहने वाला 16 साल का महेन्द्र उर्फ रोहित कुशवाह विवेकानंद हायर सेकेंडरी स्कूल में 12वीं का छात्र था। 3 नवंबर को वह छोटे भाई पवन के साथ स्कूल पहुंचा था। सुबह 10.30 बजे लंच टाइम के बाद सभी छात्र क्लास रूम में पहुंचे। इसी दौरान किसी बच्चे ने शरारत करते हुए क्लास में पटाखा फोड़ दिया। पटाखे की आवाज से स्कूल में हंगामे की स्थिति बन गई। तत्काल क्लास टीचर शिल्पी मैडम और मैथ्स के टीचर शंभू सर वहां पहुंचे। बिना किसी पड़ताल के उन्होंने गेट पर खड़े महेन्द्र को दोषी मान लिया। उसे पूरी क्लास के सामने बेइज्जत किया गया। यहां से उसे पकड़कर सीधे प्रिंसिपल वीरेन्द्र राणा के केबिन में ले गए।

### स्कूल से निकालने तक की दे डाली धमकी

बताया जा रहा है कि प्रिंसिपल कक्ष में भी उसे प्रताड़ित किया गया। उसे टीसी देकर स्कूल से निकालने तक की धमकी दी गई। उससे कहा गया- तुम्हें कहीं पर प्रवेश नहीं मिलेगा। उनकी इस बात ने बच्चे को इतना डरा दिया कि घर पहुंचकर उसने खाना तक नहीं खाया। उसने बैग उठाया और चुपचाप ट्यूशन



के लिए निकला। महेंद्र की बुआ का घर पास ही है, इसलिए वह ट्यूशन नहीं जाकर बुआ के घर चला गया। यहां बुआ काम में जुटी तो वह कमरे में गया और उन्हीं की साड़ी से फंदा बनाया। कुछ देर तक महेंद्र नजर नहीं आया तो बुआ उसे आवाज लगाते हुए कमरे में पहुंची, जहां वह फंदे से लटका मिला। बुआ ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन काफी देर हो चुकी थी।

### जांच में स्कूल टीचर, प्रिंसिपल दोषी

पुलिस ने मर्ग कायम कर खुदकुशी के मामले की जांच की तो मामले का खुलासा हुआ। प्रारंभिक पड़ताल में सामने आया कि क्लास टीचर शिल्पी, टीचर शंभू के साथ प्रिंसिपल वीरेन्द्र राणा के व्यवहार ने छात्र को यह कदम उठाने पर मजबूर किया। थाना प्रभारी बिलौआ रमेश शाक्य का कहना है कि छात्र की खुदकुशी मामले में प्रिंसिपल समेत तीन पर केस दर्ज किया गया है।

# लाल टिपारा गौशाला के विस्तार के लिए हर संभव मदद दिलायेंगे : श्री कुशवाह



### राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह गौशाला में पूजा-अर्चना करने पहुँचे

ग्वालियर। शहर की आदर्श गौशाला लाल टिपारा की सुविधाओं को और सुदृढ़ करने के लिये सरकार से हर संभव मदद दिलाई जायेगी। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह ने शनिवार को लाल टिपारा गौशाला पहुँचकर विधि विधान से गौ-माताओं की पूजा-अर्चना की। साथ ही गौशाला प्रबंधन से जुड़े सेवाभावी संतजनों से गौशाला के विस्तार के संबंध में चर्चा की।

# मैं नया कलेक्टर हूं मेरी ज्वाइनिंग कराओ

### क्या हुआ जब सूटकेस लेकर ग्वालियर कलेक्ट्रेट पहुंचा सनकी युवक

ग्वालियर। ग्वालियर में एक बड़ी ही अजीब और गरीब घटना सामने आई है। एक युवक बैग लेकर सूटबूट में कलेक्ट्रेट पहुंचा। वहां कलेक्टर के स्टेनो को बताया कि वो कलेक्टर के पद पर जॉइनिंग लेने आया है। उसने बताया कि वह साल 2020 बैच का ढ्ढस् अफसर है। उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति ने की है। इसे सुनते ही कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के भी होश उड़ गए। मामले को संज्ञान में लेकर उसे पुलिस को सौंप दिया।

युवक ने वहां मौजूद लोगों को अपना नाम एम. शाक्य बताया। जिसे सुनते ही स्टेनो के होश उड़ गए और वो सकते में आ गए। बाद में मामले को समझते हुए उन्होंने उस युवक से बात करना जारी रखा और चुपके से पुलिस को बुला लिया। इस दौरान युवक ने बताया कि राष्ट्रपति के कार्यालय से डायरेक्ट उसकी नियुक्ति हुई है। इस बात ने सभी को हैरानी में डाल दिया क्योंकि आज से पहले किसी भी कलेक्टर की इस प्रकार जॉइनिंग नहीं हुई है।



जिसे सुनने के बाद उन्होंने अतिथि का सत्कार किया और बातचीत करते रहे। इसके बाद युवक को पुलिस को सौंप दिया। बता दें कि युवक स्कूटर से कलेक्ट्रेट आया था। हलांकि, अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि युवक कहां का है और कहां से आया है।

### किसी व्यक्तिगत भ्रम का शिकार हो गया था युवक

फिलहाल, पुलिस युवक को अपने साथ ले गई और अब उससे पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद ही मामले का पूरा खुलासा होगा। जैसे ही, कलेक्टोरेट के अन्य कर्मचारियों को फर्जी कलेक्टर की बात पता चली, तो वे कलेक्टर कार्यालय के सामने एकत्रित हो गए। जानकारी के मुताबिक युवक ग्वालियर आनंद नगर का निवासी है। वहीं, पुलिस की पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया है। कलेक्टर कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि उसका आपराधिक उद्देश्य नहीं था, बल्कि वह किसी व्यक्तिगत भ्रम का शिकार हो गया था।

# ग्रामीण वार्डों के विकास के लिये धन की कमी नहीं आने दी जायेगी : कुशवाह

**महापौर ने कहा- दलगत भावना से ऊपर उठकर शहर विकास में करेंगे सहयोग**

**राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह एवं महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार ने रखी डाम्बरीकृत सड़कों की आधारशिला**

ग्वालियर। समाज की आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएँ मुहैया कराने के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इसी भाव के साथ ग्वालियर शहर में शामिल हुए ग्रामीण वार्डों में सरकार द्वारा सुनियोजित ढंग से मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। शहर के नए वार्डों में विकास कार्यों के लिये सरकार धन की कमी नहीं आने देगी। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने शहर के वार्ड-63 व 66 में भूमिपूजन कार्यक्रमों में कही। वार्ड-66 में आयोजित हुए भूमिपूजन कार्यक्रमों की अध्यक्षता महापौर श्रीमती शोभा सतीश सिकरवार ने की। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री कुशवाह एवं महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार ने शनिवार को शहर के वार्ड-66 के अंतर्गत मुख्य मार्ग से सालूपुरा तक 30 लाख 72 हजार रूपए की लागत से बनने जा रही डाम्बरीकृत सड़क और पिपरौली से रामनगर तक बनने वाली लगभग 40 लाख रूपए लागत की डाम्बरीकृत सड़क की आधारशिला रखी। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती ऊषा गिर्राज मावई व हरेन्द्र सिंह गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय बस्तियों के नागरिक मौजूद थे।



# अब हर भू-खंड का होगा भू आधार नंबर : बोरा

### भारत सरकार के भू-संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव श्री बोरा द्वारा डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम की समीक्षा

ग्वालियर। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग द्वारा क्रियान्वित डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी) के तहत हर भू-खंड के लिए यूनिक लैंड आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूएलपीआईएन) अर्थात आधार नम्बर जारी किया जा रहा है। चौदह अंको का यह आधार नंबर अक्षांश एवं देशांतर के अनुसार आधुनिक तकनीक से जारी होता है, जो कृषि व खाद्य सहित अन्य विभागों की शासकीय योजनाओं के हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने में अत्यधिक उपयोगी साबित होगा। इस आशय की जानकारी भारत सरकार के भू-संसाधन विभाग के संयुक्त सचिव सोनमणि बोरा ने दी। संयुक्त सचिव बोरा डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम की जमीनी हकीकत जानने के उद्देश्य से ग्वालियर भ्रमण पर आए थे। उनके साथ भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग के तकनीकी अधिकारी मयंक राजपूत भी ग्वालियर आए थे।

ग्वालियर प्रवास के दौरान संयुक्त सचिव श्री बोरा ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर डिजिटल इंडिया लैंड रिकार्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम की विस्तृत



समीक्षा की।इस दौरान उन्होंने जानकारी दी कि स्वामित्व योजना के तहत यूएलपीआईएन मध्यप्रदेश में आबादी क्षेत्र के लिए जारी किया जा चुका है। ग्वालियर भ्रमण के दौरान संयुक्त सचिव भारत सरकार ने डीआईएलआरएमपी के तहत मैप डिजिटाइजेशन और जियो रेफरेंसिंग सहित अन्य घटको की भी समीक्षा की और अधिकारियों को शत प्रतिशत जियोरेफरेंसिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी योजना के तहत नागरिकों के जीवन को सरल बनाने एवं आसानी से रजिस्ट्री प्राप्त करने के लिए नेशनल जेनेरिक डॉक्युमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम का भी क्रियान्वयन भूमि संसाधन विभाग द्वारा किया जा रहा है।

### रॉबर मशीन सिस्टम देखा

ग्वालियर प्रवास के दौरान संयुक्त सचिव श्री बोरा ने खेत में पहुँचकर रॉबर मशीन सिस्टम से सीमांकन, बटांकन व नक्शा निकालने की प्रक्रिया व्यवहारिक रूप से परखी। श्री बोरा ने कहा कि यह भी विशेष रूप से सराहनीय है कि मध्यप्रदेश में राजस्व सेवाएँ प्रदान करने के लिये लोक सेवा केन्द्र, राजस्व दफ्तर व ऑनलाइन आवेदन सिस्टम सहित 6 प्रकार के चैनल काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा उत्सव के अंतिम दिन हुईं 6स्पर्धाएं

**तीन में माधव व एक में केआरजी कॉलेज के विद्यार्थी रहे विजेता**

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के गालव सभागार में चार दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतिम दिन 6 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।इसमें एकल गायन शास्त्रीय व एकल गान सुगम में माधव कॉलेज विजेता रहा।इसी क्रम में समूह गान भारतीय में केआरजी कॉलेज विजेता रहा।शास्त्रीय एकल वादन परकुशन में जीवाजी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान माधव महाविद्यालय के रिंकू केवट ने प्राप्त किया।सभी छात्र छात्राओं द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई।समापन सत्र में मुख्य अतिथि छात्र अधिष्ठाता जीवाजी विवि प्रो.एसके द्विवेदी उपस्थित रहे।उन्होंने विजेता छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।इस अवसर पर युवा उत्सव प्रभारी मीना श्रीवास्तव, प्रो.एसके सिंह, डॉ.सीमा शर्मा,डॉ.कृष्णा सिंह,चंद्रप्रताप सिकरवार, डॉ.रूपाली गोखले,डॉ.श्रद्धा शर्मा, डॉ.राकेश करहेरिया उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन एवं आभार व्यक्त डॉ.राकेश करहेरिया ने किया।

### श्रीकृष्ण ने पढ़ाया था सच्ची मित्रता का पाठ : पं. शास्त्री

**वर्तमान में बदल गयी परिभाषा**



ग्वालियर। वर्तमान में मित्रता की परिभाषा ही बदल गयी है जबकि मित्रता स्वायं में एक परिपूर्ण रिश्ताए है। सोलंकी धर्मशाला में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सुप्रसिद्ध भागवतआचार्य पं.घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्णभ ने संसार को सच्ची मित्रता का पाठ पढ़ाया है। मनुष्यग को अपने कर्म नहीं भूलने चाहिए। सच्चो मित्र को श्रीकृष्णभ और सुदामा की तरह होना चाहिए मित्रता स्वयं में एक परिपूर्ण रिश्ता है। मित्रता से बड़ा कोई संबंध नहीं है, लेकिन वर्तमान में मित्रता की परिभाषा बदल गई है, जबकि भगवान श्रीकृष्ण ने संसार को सच्ची मित्रता का पाठ पढ़ाया है उन्होंने कहा कि जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारिका आए तो कृष्ण ने सुदामा के फटे कपड़े नहीं देखे, बल्कि मित्र की भावनाओं को देखा। मनुष्य को अपना कर्म नहीं भूलना चाहिए। अगर सच्चा मित्र है तो श्रीकृष्ण और सुदामा की तरह होना चाहिए। जीवन में मनुष्य को श्रीकृष्ण की तरह अपनी मित्रता निभानी चाहिए आगे शास्त्री जी ने कहा कि पूरी सृष्टि का सर्वोत्तम प्राणी मनुष्य है। मनुष्य का शरीर धारण करने के लिए स्वयं देवता तक तरसते हैं। हम मानव योनि में पैदा लिए हैं तो उसका मतलब ही नहीं समझते। मनुष्य की एक ऐसा प्राणी है जो विवेकशील है।

# बच्चों को सिर्फ कागजी पड़ाई की शिक्षा न दें : ब्रह्मचारी भैया

### बल्कि धर्म व संस्कारों की भी शिक्षा दें

### जैन समाज ने सिद्धचक्र महामंडल विधान में प्रभु की आराधना कर 128 अर्घ्य समर्पित करें

ग्वालियर। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं, जिस आकार में ढाल दो, उसी आकार में ढल जाएंगे। बच्चों को अगर सही दिशा मिल जाए तो वही बच्चे आने वाले समय में भगवान महावीर, श्रीराम बन सकते हैं और अगर भटक जाएं तो रावण बनने में भी देर नहीं लगती। बिना शिक्षा के जीवन का कोई महत्व नही होता। बच्चे मां बाप के सपने होते हैं और गौरव होते हैं। मां बाप मजदूरी करके अपने बच्चों को पड़ाते लिखाते हैं कि हमारा बच्चा आगे चल कर योग्य बने, धर्म सस्कृति और देश मे नाम रोशन करे। अपने मां बाप के सपनों को तोड़ना नहीं चाहिए। शिक्षक भी बच्चों को सिर्फ कागजी पड़ाई की शिक्षा न दें बल्कि धर्म व संस्कारों की भी शिक्षा दें। यह बात उपग्वालियर



लोहमंडी लाला गोकुलचंद जैन मंदिर में अयोजित सिद्धचक्र महामंडल विधान के आज पॉचवें दिन शनिवार को बाल ब्रह्मचारी अंशु भैया ने धर्मसभा में संबोधित करते हुए कही। ब्रह्मचारी अंशु भैया ने कहा कि धर्म गुरुओं द्वारा दी गई धर्मिका सुंस्कारो की शिक्षा बच्चों के भविष्य में बहुत काम आती है। इंसान को एक अच्छा व्यक्ति बनने के लिए हजारों गुण चाहिए होते हैं, लेकिन भविष्य बिगाड़ने के लिए एक अवगुण ही काफी है। विधान में इंद्रा इंद्राणियो ने हाथ में पचरंगी जैन ध्वज लेकर जमकर भक्तिमय नृत्य के साथ विधान के मढने की परिक्रमा लगाई। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष पदमचंद जैन, महामंत्री देवेद्र जैन, दिलीप जैन, नवरंग जैन, अभिलाष जैन, अलोक जैन, प्रवक्ता सचिन जैन आदि मौजूद थे।

### इंद्रो ने आरती उतारी

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि सिद्धचक्र महामंडल विधान के विधानचार्य ब्रह्मचारी अंशु भैया ने मंत्रो का उच्चारण के साथ सौधर्म इंद्रा अशोक जैन सहित इंद्रो ने कलशों की जलधारा से भगवान जिनेंद्र अभिषेक जयकारों के साथ किया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478